दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 271 | जयपुर, सोमवार, 09 सितंबर, 2024 । भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### कंगना की 'इमरजेंसी' के सीन्स कटेंगे, डिस्क्लेमर लगेगा



**मुंबई।** कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' अब जल्द ही पर्दे पर रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने एक्ट्रेस की फिल्म को सर्टिफिकेट दे दिया है, पर बोर्ड का कहना है कि फिल्म के कुछ सीन्स काटने होंगे। साथ ही डिस्क्लेमर देना होगा, इसके बाद फिल्म रिलीज हो सकती है। फिल्म में जो भी हिस्टॉरिकल इवेंट्स को दिखाया गया है, उसमें डिस्क्लेमर लगाने के लिए कहा है। 'इमरजेंसी' को UA सर्टिफिकेट तभी मिलेगा, जब फिल्म मेकर्स सीन कट कर देंगे और डिस्क्लेमर दे देंगे। हालांकि, अबतक फिल्म की रिलीज को लेकर कोई अपडेट नहीं है।

### पैरालंपिक का समापन, भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन

**पेरिस।** पेरिस पैरालंपिक 2024 का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह में हरविंदर सिंह और प्रीति पाल ने भारत के ध्वजवाहक की भूमिका निभाई। रविवार को पूजा ओझा महिलाओं की कयाक एकल 200 मीटर केएल1 स्प्रिंट कैनोइंग स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। भारत ने पेरिस पैरालंपिक का समापन रिकॉर्ड सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदकों के साथ किया। वह पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहा। भारत को पेरिस खेलों का अंतिम पदक शनिवार की देर रात एथलेटिक्स में मिला। पुरुषों की भाला फेंक एफ41 श्रेणी में नवदीप सिंह के रजत पदक को स्वर्ण में अपग्रेड कर दिया गया। टोक्यो पैरालंपिक में भारत पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक के साथ 24वें स्थान पर था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**मौसम:** जयपुर समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी, धौलपुर में 4 किशोरियां पार्वती नदी में बहीं

# राजधानी में सुबह व दोपहर को तेज बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## आगामी दो दिन 5 संभागों में तेज बारिश का अलर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भारी बारिश का दौर लगातार जारी है। राजधानी जयपुर सहित लगभग सभी जिलों में रविवार को भी बारिश हुई। जयपुर में सुबह की शुरुआत तेज बारिश से हुई। दोपहर व शाम को भी बारिश हुई, जिससे एक बार फिर सड़कें दरिया बन गईं। निचले इलाकों में पानी घुस गया। सड़कों पर लंबा जाम लग गया, जिससे वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर, रविवार को धौलपुर की पार्वती नदी में नहाने गई 4 किशोरी पानी में डूब गई। स्थानीय प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन उनका पता नहीं चल सका है। दूसरी ओर, प्रदेश के पांच संभागों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। कई जगहों पर सड़कें टूट चुकी हैं जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बारां, भरतपुर, धौलपुर, झालावाड़, करौली, कोटा और सवाई माधोपुर में कई जगहों पर तेज बारिश हुई। बीते 24 घंटे में कठूमर, देवली, बहरोड़, सुनेल, रूपवास, मंडावर कामां, उच्चैन, माउंट आबू, पाटन, मालाखेड़ा, बारां और सुरोठ में भारी बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा 113 एमएम बारिश कठूमर में हुई है।



### ऋषि पंचमी के अवसर पर पार्वती नदी में गई थी नहाने

धौलपुर जिले के मनिया थाना क्षेत्र के गांव बोथपुरा स्थित पार्वती नदी में रविवार सुबह नहाने गई चार किशोरियां पानी में बह गईं। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है चारों की किशोरियां पानी में थोड़ा आगे की तरफ चली गई थीं और अचानक आए बहाव में बह गईं। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया लेकिन शाम तक इनका पता नहीं चला। ये किशोरियां ऋषि पंचमी के अवसर पर पार्वती नदी में नहाने गई हुई थी। (पेज 04 भी देखें)

### आगे क्या? पांच संभाग में दो दिन भारी बारिश की संभावना

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार परिसंचरण तंत्र के आगामी 24 घंटों में ओडिशा, पश्चिम बंगाल की ओर आगे बढ़ने तथा तीव्र होकर डीप डिप्रेशन बनने की संभावना है। जिसके असर से 8-9 सितंबर को भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर संभाग के अधिकांश भागों में मध्यम से तेज और कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। इसी प्रकार 10-11 सितंबर को पूर्वी राज के कुछ भागों में मध्यम बारिश जारी रहने तथा कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश दर्ज होने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 12-13 सितंबर को भारी बारिश की गतिविधियों में एक बार फिर बढ़ोतरी होने तथा कहीं-कहीं अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

**राइजिंग राजस्थान समिट 2024:** प्रदेश में पहली बार आयोजन

# CM करेंगे द. कोरिया-जापान के बड़े निवेशकों को आमंत्रित

■ मुख्यमंत्री यात्रा पर रवाना ■ ग्लोबल कंपनियों के प्रमुखों से होगी मुलाकात

*सीएम के साथ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी, 9 से 14 सितंबर तक रहेंगे प्रवास पर*
*जयपुर एयरपोर्ट पर रवानगी से पूर्व मंत्रियों-विधायकों-अफसरों ने सीएम को दी शुभकामनाएं*

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की राजधानी जयपुर में इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन होने जा रहा है। भजनलाल सरकार इस समिट के सफल अयोजन के लिए पुर जोर शोर से लगी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को दक्षिण कोरिया-जापान की यात्रा पर रवाना हुए। सीएम दिल्ली से शाम को दक्षिण कोरिया के लिए रवाना हुए। इससे पहले रविवार सुबह जयपुर एयरपोर्ट पर मंत्री अविनाश गहलोत, जवाहर सिंह बेढम, सीएस सुधांश पंत, डीजीपी यूआर साहू सहित कई मंत्रियों व विधायकों ने सीएम से मुलाकात कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। सीएम के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल 9 से 14 सितंबर तक इन दोनों देशों की यात्रा पर रहेगा। प्रतिनिधि मंडल में डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा, रीको और बीआईपी के अधिकारी शामिल हैं।





### ग्लोबल कंपनियों को निवेश के लिए करेंगे आमंत्रित

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के व्यापार जगत के अधिकारियों से मुलाकात करेगा। उन्हें राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेगा। प्रतिनिधिमंडल जापान की राजधानी में 'नीमराना दिवस' समारोह में भी भाग लेगा। उल्लेखनीय है कि नीमराना राजस्थान के अलवर में एक जापानी औद्योगिक क्षेत्र है, जिसमें कई जापानी कंपनियां काम करती हैं। दक्षिण कोरिया और जापान के इस दौरे में मुख्यमंत्री इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्टील, ऑटो मोटिव, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, उद्योग और शिक्षा क्षेत्र की कई कंपनियों के अधिकारियों से भी मिलेंगे। उन्हें राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेंगे।

### कई शहरों में आयोजित होंगे इन्वेस्टर्स मीट

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की तैयारी के सिलसिले में राज्य सरकार देश और दुनिया के कई शहरों में इन्वेस्टर्स मीट आयोजित करने जा रही है। विदेशों में यह इन्वेस्टर्स मीट दक्षिण कोरिया, जापान, यूके, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर में आयोजित होगी। वहीं देश में मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई जैसे वाणिज्यिक केंद्रों पर इन्वेस्टर्स मीट आयोजित करने की योजना है। पिछले महीने मुंबई में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की पहली घरेलू इन्वेस्टर्स मीट आयोजित हुई थी। जिसमें 4.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

### विशेष सत्र होंगे आयोजित

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। समिट में कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हील्स), इन्फ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन सहित कई सेक्टर्स पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### निवेश के लिए इन क्षेत्रों में रहेगा मुख्य फोकस

इन्वेस्टर्स मीट के दौरान राजस्थान में निवेश के लिए मुख्य फोकस क्षेत्र इन्फ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम और डिजाइन मैन्युफैक्चरिंग, स्टोन होंगे। प्रतिनिधिमंडल जापान यात्रा के दौरान प्रवासी राजस्थानियों (एनआरआई) के एक समूह से भी मिलेगा और कार्यक्रमों में भी भाग लेगा। प्रतिनिधि मंडल पॉस्को इंटरनेशनल, डाइकिन, हिताची, बेल्टेक्नो, सैमसंग हेल्थकेयर, हनवा सॉल्यूशन जैसी कई जापानी-कोरियाई फर्मों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में प्रतिनिधिमंडल दो राउंड-टेबल मीटिंग में भी भाग लेगा। इसमें पहला राउंड-टेबल टूरिज्म एसोसिएशन के साथ और दूसरा राउंड-टेबल कोरियन स्टोन एसोसिएशन के साथ आयोजित होगा। प्रतिनिधिमंडल और अन्य उद्योग प्रतिनिधियों के लिए जापान में भारत के राजदूत और दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत की ओर से स्पेशल डिनर भी रखा जाएगा।

**डब्ल्यूसीसीबी की जोधपुर में बड़ी रेड**

# लेपर्ड के सिर समेत करोड़ों के हाथी-दांत प्रोडक्ट पकड़े



**बेधड़क** | जोधपुर/जयपुर

वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) ने जोधपुर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार ये रेड शनिवार देर रात की है। दिल्ली से आई टीम ने यहां रेड डालकर लेपर्ड के सिर समेत करोड़ों के हाथी-दांत प्रोडक्ट पकड़े हैं। टीम ने जोधपुर के सांगरिया इलाके में एक फैक्ट्री समेत कई ठिकानों पर रेड मारकर सामान जब्त किया। जोधपुर वन विभाग की टीम भी कार्रवाई में शामिल रही। जोधपुर मंडल के डीएफओ के अनुसार शुक्रवार शनिवार को दो दिन में टीम ने अलग-अलग जगह दबिश देकर करीब 250 आइटम बरामद किए हैं। इनकी कीमत 70 लाख से 1 करोड़ रुपए हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार कार्रवाई में जोधपुर हैंडीक्राफ्ट कारोबारी भुवनेश कंसारा के साथ उषा अब्बानी को डिटेन किया है। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया है कि हाथी दांत के प्रोडक्ट ओरिजनल हैं और लेपर्ड का सिर भी असली है। आरोपियों के पास से लेपर्ड का सिर, सांभर की खाल, हाथी दांत की चूड़ियां, गहने रखने का बॉक्स, पेन स्टैंड, पीकदान, सिंदूर की डिब्बी व अन्य आइटम बरामद किए हैं। हाथी दांत की 7 मूर्तियां भी मिली हैं।

### बड़े खुलासे होने की संभावना

डब्ल्यूसीसीबी और वन विभाग की टीम अब तस्करी की चेन के अंतिम स्तर तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। वन्यजीव से संबंधित प्रोडक्ट की खरीद-फरोख्त वन अधिनियम में प्रतिबंधित है। यह नेटवर्क काफी बड़ा है। यह चीजें कहां से आ रही हैं। कौन-कौन इसमें शामिल है, बाजार में यह चीजें कैसे आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, इसको लेकर टीम जांच कर रही है। कई सुराग भी मिले हैं। इस मामले में बड़े गिरोह का खुलासा होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि टीम के निशाने पर 10 से ज्यादा कारोबारी हैं जो वन्यजीवों से जुड़े उत्पाद की खरीद-फरोख्त करते हैं। कार्रवाई के बाद जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट व्यवसाइयों, एंटीक आइटम व एंटीक ज्वेलरी रखने वाले कारोबारियों में हड़कंप है। कई कारोबारी डब्ल्यूसीसीबी टीम के रडार पर आ गए हैं। हाथी दांत के प्रोडक्ट और वन्यजीवों के सींग, नाखून, खाल और हड्डियों की सप्लाई का जोधपुर राजस्थान का सबसे बड़ा सेंटर है। इधर, टीम को वन्यजीव शिकार व तस्करी से को लेकर बड़े गिरोह की लीड मिली है।

**महामारी की दस्तक!**

# भारत में भी मंकीपॉक्स की एंट्री! विदेश से लौटे शख्स में मिले लक्षण

- मरीज को रखा डेसिग्नेटेड अस्पताल के आइसोलेशन में, हालत स्थिर
- पुष्टि के लिए किया जाएगा रोगी के सैंपल का टेस्ट
- देश में प्रभाव का आकलन करने के लिए उसकी कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग जारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत में मंकीपॉक्स का एक केस के साथ दस्तक दे दी है। दरअसल, हाल ही में एक युवा शख्स की एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) के संक्रमण के संदिग्ध मामले के रूप में की गई है। मरीज को डेसिग्नेटेड अस्पताल में आइसोलेशन में रखा गया है और वर्तमान में उसकी हालत स्थिर है। फिलहाल, उसकी हालत स्थिर है। एमपॉक्स की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए रोगी के सैंपल का टेस्ट किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस मामले को स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार मैनेज किया जा रहा है और संभावित सोर्स की पहचान करने और देश के भीतर प्रभाव का आकलन करने के लिए उसकी कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग जारी है। यह केस एनसीडीसी की ओर से किए गए रिस्क असेसमेंट के अनुरूप है और किसी भी अनावश्यक चिंता का कोई कारण नहीं है।



### मंकीपॉक्स से निपटने के लिए किए जा रहे उपाय

देश इस तरह के अलग-थलग यात्रा से संबंधित मामले से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और किसी भी संभावित जोखिम को प्रबंधित करने और कम करने के लिए कड़े उपाय किए गए हैं। जिसके लिए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को जरूरी गाइडलाइंस जारी की हैं। साथ ही राज्यों को कोरोना वायरस की चुनौती के बीच अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

### 116 देशों से 99 हजार से ज्यादा केस: WHO

डब्ल्यूएचओ ने इससे पहले साल जुलाई 2022 में मंकीपॉक्स को पीएचईआईसी घोषित किया था, जिसके बाद में मई 2023 में इसे रद्द कर दिया था। 2022 से वैश्विक स्तर पर डब्ल्यूएचओ ने 116 देशों से मंकीपॉक्स के कारण 99,176 मामले और 208 लोगों की मौत होने की बात कही थी।

**पहली बार कांगो में मिला था मरीज:** साल 1970 में कांगो (डीआरसी) में पहली बार इंसानों में मंकीपॉक्स के लक्षण दिखे। ये इंसान में फैलने वाला पहला केस था। इसके बाद दूसरे मिडिल और पश्चिमी अफ्रीकी देशों में लोगों में मंकीपॉक्स के केस सामने आए।

### ऐसे फैलता है यह रोग

पिछले दिनों हुई स्वास्थ्य मंत्रालय की बैठक में यह बात सामने आई थी कि मंकीपॉक्स का सामान्यतः 2-4 सप्ताह का संक्रमण होता है और रोगी आमतौर पर सहायता संबंधी प्रबंधन से ठीक हो जाते हैं। संक्रमित व्यक्ति के साथ लंबे समय तक निकट संपर्क से और आमतौर पर यौन संपर्क, शरीर, घाव के तरल पदार्थ के साथ सीधे संपर्क या संक्रमित व्यक्ति के दूषित कपड़े, चादर का इस्तेमाल करने से होता है।

## जरूरी खबर

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज रामदेवरा जाएंगे



**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एक दिवसीय दौरे पर कोटा से हेलिकाप्टर द्वारा सोमवार को दोपहर 12:30 बजे रामदेवरा पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार लोकसभा अध्यक्ष बिरला रामदेवरा मंदिर पहुंच कर बाबा रामसापीर की समाधी के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। इसके पश्चात वे कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर प्रताप सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष की यात्रा के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर जैसलमेर मुन्नीराम बागड़िया को ऑल ऑवर प्रभारी लगाया है। वहीं यात्रा से संबंधित पुलिस के साथ ही अन्य अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं।

### राज्यपाल बागड़े ने उपराष्ट्रपति को विदाई दी



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को जयपुर एयरपोर्ट पर उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के दिल्ली लौटने पर उन्हें भावभरी विदाई दी।

### पांच वर्ष में करेंगे सभी वंचितों को साक्षर: शिक्षा मंत्री



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह रविवार को कोटा में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा एवं पंचायती राजमंत्री मदन दिलावर ने कहा कि निरक्षरता देश, प्रदेश के माथे पर कलंक है। इस कलंक को जल्द से जल्द मिटाना है। उन्होंने कहा कि लगभग 80 लाख लोग अभी शिक्षा से वंचित हैं, जिन्हें 5 वर्ष से पूर्व ही साक्षर करने का प्रयास है। शिक्षा मंत्री ने हाड़ौती बोली में संबोधित करते हुए आह्वान किया कि शिक्षित लोग अपने आसपास के निरक्षर लोगों को शिक्षित बनाएं ताकि वे अपने जीवन में तरक्की कर सकें। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़ा पुण्य होगा। उन्होंने समारोह में विचार व्यक्त करने वाले नव साक्षरों का मनोबल बढ़ाया। दिलावर ने शिक्षा के उन्नयन और संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया।

**मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचे** बिहार के डिप्टी CM सम्राट चौधरी बोले...

# लालू का परिवार 'हरे रंग का गमछा' बांध करता है गुंडागर्दी

**बेधड़क** | जयपुर

बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार के साथ स्वयंभू बालाजी दरबार की विशेष पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। चौधरी के मंदिर पहुंचने पर ट्रस्ट सचिव एमके माथुर ने उनकी अगवानी की। इसके बाद उन्होंने गर्भगृह के सामने पहुंचकर बालाजी महाराज की पूजा अर्चना की। मंदिर के पंडितों ने उन्हें सोने के चोले का टीका लगाया व माला पहनाकर अभिनंदन किया। वहीं भैरवबाबा व प्रेतराज सरकार के भी दर्शन कर मनौती मांगी। दर्शनों के बाद



ट्रस्ट सचिव ने सम्राट चौधरी को सिद्धपीठ मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के सान्निध्य में चलाए जा रहे जनहित के कार्यों की जानकारी देकर प्रसादी भेंट की।

इसके बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मीडिया बात करते हुए लालू यादव के परिवार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू यादव का परिवार आतंक का प्रतीक रहा है। गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, माफिया का प्रतीक है। उन्होंने बिहार में निकाली जाने वाली तेजस्वी यादव की प्रस्तावित यात्रा में गमछा प्रतिबंधित करने के सवाल पर कहा कि लालू यादव का परिवार आतंक, गुंडों, भ्रष्टाचार, गुण्डागर्दी व माफियाओं का प्रतीक है। ऐसे में वो हरा गमछा बांधकर गुंडागर्दी करते रहे हैं। वो चाहते हैं सिर्फ गमछा उतार देंगे, लेकिन उनको अपने चरित्र का बदलाव करना चाहिए।

### किसी पार्टी के नेता होते तो देता जवाब

प्रशांत किशोर की ओर से सम्राट चौधरी को लेकर दिए गए बयान पर उन्होंने कहा कि वह किसी पार्टी के नेता नहीं हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले प्रशांत किशोर ने बयान दिया था कि सम्राट चौधरी परिवारवाद का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। उनके पिता कई दलों में रहकर मंत्री बने थे। भारतीय जनता पार्टी के पास कोई नेता नहीं था, इसलिए सम्राट चौधरी को डिप्टी सीएम बनाया है। इस बयान के जवाब में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रशांत किशोर किसी पार्टी के नेता नहीं हैं, यदि किसी पार्टी के नेता होते तो उनको उनकी बातों का जवाब देते।

### जल्द कांग्रेस में शामिल होंगे कन्हैया मित्तल

भाजपा को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है. जो राम को लाए हैं... गाने वाले सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अब साफ कर दिया है कि वो जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उनका कभी भी भाजपा से कोई जुड़ाव नहीं था, बल्कि भाजपा के नेताओं से उनके बेहतर संबंध जरूर थे और वो आज भी सनातन और भगवा के प्रबल समर्थन हैं, न कि भाजपा के। बता दें कि कन्हैया मित्तल वही गायक हैं, जिन्होंने साल 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव से पहले 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' गाना गाया था। ये गाना काफी फेमस हुआ था। रविवार को मित्तल दौसा पहुंचे। यहां उन्होंने मेहंदीपुर बालाजी धाम में पूजा-अर्चना की। उसके बाद मीडियाकर्मियों से मुखातिब हुए भजन सम्राट ने उनको लेकर चल रही सियासी अकटलों पर यह कहते हुए विराम लगा दिया कि वो अब जल्द ही कांग्रेस में शामिल होंगे।



**भीलवाड़ा में बोले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष...**

# प्रदेश में 6-7 नए जिले होंगे खत्म: मदन राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

पिछले गहलोत राज में बनाए गए 17 नए जिलों का मुद्दा इन दिनों फिर राजस्थान की सियासत में खूब सुर्खियों में है। इसको लेकर भजनलाल सरकार जल्द ही बड़ा निर्णय करने वाली है। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का बड़ा बयान सामने आया है। इसमें उन्होंने संकेत दिए हैं कि प्रदेश में 6 से 7 नए जिले समाप्त हो सकते हैं। राठौड़ के इस बयान के बाद एक बार फिर नए जिलों को लेकर मुद्दा गरमा गया है। हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट के बाद पिछले दिनों रिव्यू सब कमेटी में नए जिलों को लेकर मंथन चल रहा है।

आने वाले 10 दिनों के बाद फिर से सब कमेटी की बैठक होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि तत्कालीन सरकार ने अपने जनप्रतिनिधियों को खुश करने के लिए अनावश्यक रूप से जिले बना दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे 6-7 जिले अब समाप्त होंगे। उन्होंने एक-एक विधानसभा को जिले बनाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने केकड़ी, दूदू और सांचौर का नाम लेते हुए कहा कि आप ही बताइए किस तरह से जिले बनाए गए?

क्या इन्हें जिला बनाना वाजिब है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए ताबड़तोड़ जिले बना दिए। नए जिले बनाने का लोग विरोध कर रहे हैं, जनता भी खुश नहीं है। 6-7 जिले ऐसे हैं जो खत्म किए जाएंगे. केवल तुष्टीकरण के लिए जिले बना दिए है।

■ गहलोत सरकार के फैसले पर 'कैंची' चलाने का प्लान





### कोठारी को सदस्यता देना हमारे हाथ में

भीलवाड़ा के निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी की सदस्यता पर उठे विवाद के बारे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि टीकाराम जूली की टिप्पणी कोई महत्व नहीं रखती है। वह अपना परिवार संभाले। हम दूध पीते हैं, कसरत करते हैं तो इनका पेट क्यों दुखता है? विपक्ष का काम ही गरमाने का है। उनके पास कोई मुद्दे नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि आपको कमियां ढूंढनी है, तो ढूंढिए सुझाव दीजिए, मगर केवल विरोध करने के लिए विरोध करना गलत परंपरा है। कोठारी की सदस्यता पर उपजे विवाद पर राठौड़ ने कहा कि उन्होंने पार्टी की नीति, सिद्धांत और राष्ट्रीयता की भावना से प्रेरित होकर सदस्यता ली है। हालांकि, किसी को सदस्यता देना या ना देना हमारे संगठनात्मक अधिकार क्षेत्र में आता है। हम इस मामले में संगठन की नीतियों का पालन करेंगे और उचित निर्णय लेंगे।

### उप चुनावों के लिए BJP पूरी तरह तैयार

विधानसभा उपचुनावों की तैयारियों के संबंध में मदन राठौड़ ने बताया कि भाजपा ने एक सतत प्रक्रिया के तहत सभी उपचुनावों के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में उपचुनाव की तैयारी भी एक निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है। हम पहले से ही तैयारी में जुटे हैं, लेकिन चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद ही हम अपनी रणनीति को अंतिम रूप देंगे। राठौड़ ने कहा कि भाजपा उपचुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और पार्टी का फोकस जनता के मुद्दों को लेकर होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है और चुनावी रणनीति भी इसी दिशा में बनाई जाएगी। राठौड़ ने यह भी कहा कि भाजपा का फोकस केवल चुनाव जीतने पर नहीं बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान पर भी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं। हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसे कार्यकर्ता हैं जो बिना किसी स्वार्थ के जनता की सेवा में लगे रहते हैं। आने वाले चुनावों में हम इन कार्यकर्ताओं की बदौलत एक बार फिर से जीत दर्ज करेंगे। इस दौरान भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल तथा भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी भी उनके साथ रहे।

### सदस्यता अभियान को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं में उत्साह

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रविवार सुबह रेल मार्ग से भीलवाड़ा पहुंचे। उन्होंने जैन मुनि रामलाल महाराज के दर्शन किए। इसके बाद वे उदयपुर के लिए रवाना हो गए। भीलवाड़ा आगमन पर सांसद दामोदर अग्रवाल और भाजपा जिला पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में भाजपा के अब तक करीब 8 लाख सदस्य बने हैं। इसमें पुराने भी शामिल है। इस संख्या की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में काफी उत्साह है। भाजपा का लक्ष्य प्रदेश में और अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान एक सतत प्रक्रिया है और हम इसे लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति जो भाजपा की विचारधारा से प्रेरित है, पार्टी से जुड़े और हमारे परिवार का हिस्सा बने।




**धर्मांतरण के खिलाफ** एकजुट हुआ जनजाति समाज

# एक सुर में बोले- 'वे हिंदू हैं न कटेंगे और ना ही बटेंगे'

■ उदयपुर में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव कार्यशाला

**बेधड़क** | जयपुर

दक्षिणी राजस्थान का आदिवासी समाज अपनी संस्कृति को जीवंत रखने व अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर खड़ा हो गया है। आदिवासी समाज ने आदिवासी गौरव समिति की ओर से रविवार को उदयपुद में आयोजित बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव कार्यशाला में एक सुर में कहा, 'हम हिंदू हैं, न कटेंगे-न बटेंगे'। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में रविवार को आयोजित बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव कार्यशाला के जरिये जनजाति समाज ने अपनी संस्कृति व अधिकारों पर हमला करने वालों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजा दिया। पिछले कुछ सालों में मेवाड़ वागड़ क्षेत्र में पनपी एक नई विचारधारा, जिसने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति व परंपराओं पर आक्रमण करने व उन्हें सनातन धर्म से अलग करने का प्रयास किया। ऐसे तत्वों के खिलाफ जमीनी स्तर पर मुकाबला करने व जनचेतना जागृत करने का संकल्प लिया। कार्यशाला में इस बात का ऐलान किया गया कि जो आदिवासी संस्कृति से विमुख हो कर ईसाई या इस्लाम धर्म अपना चुके हैं, उनकी डी-लिस्टिंग हो। ऐसे लोगों को आदिवासी आरक्षण व अन्य प्रदत्त सुविधाओं से अलग किया जाए। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि क्षेत्र में जो समाज विरोधी ताकतें उठ खड़ी हुई हैं, उनसे सावधान रहने की जरूरत है। यदि आज चुप बैठे रहे तो इसकी आंच आपके घरों तक भी आएगी। उन्होंने कहा कि यदि वहां के शासकों ने समय रहते सावधानी बरती होती तो पिछले दिनों वहां जो हालात बने, उसकी नौबत ही नहीं आती। आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए 'अंग्रेजों की फूट डालो राज करो' की नीति पर चलने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए।



### भील प्रदेश बनाने की मांग पर जमकर घेरा

पूर्व सांसद महेंद्र जीत सिंह मालवीया ने बाप पार्टी के नेताओं को अलग भील प्रदेश बनाने की मांग पर जम कर घेरा। मालवीया ने कहा कि आज दक्षिणी राजस्थान में सरपंच, प्रधान, जिला प्रमुख, विधायक, सांसद तक के सभी पदों पर आदिवासी बैठे हैं। दो राज्यों के मुख्यमंत्री आदिवासी हैं। देश की राष्ट्रपति आदिवासी महिला हैं। इसके बाद उन्हें कौन सा भील प्रदेश चाहिए।प्रदेश के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने सावधानी हटी, दुर्घटना घटी विषय पर बोलते हुए कहा कि क्षेत्र में अंग्रेजों की नीति थी कि इधर मरे या उधर मरे, भारतीय ही मरे। उसी नीति को आगे बढ़ाने वाली बाप पार्टी के नेता भी आदिवासियों को ही मारने का काम कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि आदिवासी बेटियों की शादी मुस्लिम से करा दो। यह लव जेहाद का दूसरा रूप है। इन षड्यंत्रों से सावधान रहना होगा। कार्यशाला में भीलवाड़ा सांसद व भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री दामोदर अग्रवाल भी उपस्थित थे।

### जनजाति समाज की हितैषी BJP

उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि कि जनजाति समाज की असली हितैषी भाजपा ही है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों ने ही देश में जनजाति वर्ग को ऊंचा उठाने का काम किया।

**किरोड़ी का छलका दर्द**

# पद का मोह नहीं, किसी के सामने नहीं झुकाऊंगा सिर

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई माधोपुर जिले के बजरिया में चल रही रामकथा कथावाचक मुरलीधर महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में जैसे राजनेता बदल गए हैं, वैसे जनता भी बदल गई है। डॉ. किरोड़ी ने कहा कि मेरे बगल में गंगापुरसिटी है, जहां जनता ने उस आदमी को फिर से एमएलए बना दिया, जिसने ये कहा था कि आदिवासी या मीणा हिंदू नहीं हैं। वो फिर चुनाव जीत कर चला गया. इसमें गलती किसकी है।

इस दौरान किरोड़ी लाल मीणा का दर्द भी झलका। उन्होंने अपने इस्तीफे को लेकर कहा कि अब तो मैं मंत्री भी नही हूं, मैंने इस्तीफा दे दिया। मैंने कई बार मुख्यमंत्री को भी कह दिया कि मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लो। उन्होंने कहा कि क्यों, तो मैंने कहा कि 45 साल तक सवाई माधोपुर, टोंक, दौसा, अलवर, करौली, भरतपुर, धौलपुर क्षेत्र की जनता के हर दुख दर्द में सेवा की है। पीएम मोदी से कहा था कि मैं पूर्वी राजस्थान की सातों सीट जिताउंगा, लेकिन जहां से मैं एमएलए हूं, वो सीट भी हार गया। मेरे जिले की सीट हारने के बाद



घोषणा की थी कि मैं मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा, इसलिए इस्तीफा दे दिया और सच्चे मन से जनता की सेवा में लगा हूं। मैं नैतिकता की राजनीति करता हूं, इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया।

### मंत्री बनने के बाद तो बन गया शिखंडी

डॉ. किरोड़ी मीणा ने कहा कि मंत्री बनने पर तो मैं शिखंडी बन गया, जो करने की शक्ति थी वो भी गायब हो गई और हठीले हम्मीर जिसने अपना बचन निभाने के लिए प्राण न्योछावर कर दिया, लेकिन दुश्मन के सामने सिर नहीं झुकाया। मैं भी आपको वचन दे चुका हूं, जो मैंने विधानसभा चुनावों में दिया था। मैं किसी के सामने सिर झुकाने वाला नहीं हूं। अगर सिर झुकाऊंगा तो जनता जनार्दन के सामने झुकाऊंगा। मुझे पद से मोह नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की सिंहासन पर बैठने की सभी तैयारियां हो गई थीं, लेकिन उन्हें पिता के आदेश पर वनवास जाना पड़ा। जब भगवान राम को ही सिंहासन छोड़ना पड़ा तो किरोड़ी लाल तो छोटी सी चीज है। सिंहासन का कोई महत्व नहीं है। डॉ. किरोड़ी ने कहा कि मैं लड़ता रहूंगा और जनता के काम करता रहूंगा। डॉक्टर किरोड़ी ने कहा कि मैं यहां कोई राजनीतिक भाषण नहीं दे रहा, बल्कि जो मन में पीड़ा है, उसे व्यक्त कर रहा हूं।

**केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने ली अफसरों की बैठक**

# JDA और ASI मिलकर करें सोजती गेट का जीर्णोद्धार

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर शहर के सोजती गेट की स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि केवल रास्ता बंद करके इतिश्री करने से कुछ नहीं होगा। पुरातत्व धरोहर को सहेजते हुए इसकी मरम्मत और जीर्णोद्धार किया जाए। उन्होंने जोधपुर विकास प्राधिकरण को आर्कियोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की देखरेख में समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। दिल्ली रवाना होने से पहले रविवार सुबह केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सर्किट हाउस में पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली।



शेखावत ने बारिश के चलते शहर में सड़कों की बिगड़ी हालत और जलभराव के कारण आमजन को हो रही भारी परेशानी दूर करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री कहा कि बारिश के बाद जोधपुर में अनेक क्षेत्रों और कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# ध्वज पूजन के साथ निकली शोभायात्रा, गजराज ने संभाली धर्मध्वजा

91 कुल झांकियां | 30 इनमें इलेक्ट्रिक | 18 फुट ऊंचा रथ



# रथ पर नगर भ्रमण को निकले 'गोल्ड गणेशा'

बेधड़क | जयपुर

श्री मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में चल रहे 9 दिवसीय गणेश जन्मोत्सव का समापन रविवार को गणपति की शोभायात्रा निकालने के साथ हुआ। शोभायात्रा में मोती डूंगरी गणेश जी 18 फुट ऊंचे रथ पर स्वर्णमंडित रूप में विराजित होकर शाही लवाजमे के साथ नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान गजराज ने धर्म ध्वजा संभाली। शोभायात्रा मोती डूंगरी गणेश मंदिर से रवाना होकर 7 किलोमीटर की दूरी तय कर गढ़ गणेश मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में कुल 91 झांकियां थीं, जिनमें 30 इलेक्ट्रिक थीं।

मंदिर के बाहर मुख्य रथ पर श्रीगणेश जी की आरती मंदिर महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और संघ के क्षेत्र संघ चालक रमेश अग्रवाल ने की। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने ध्वज पूजन और गणपति स्वरूप हाथी की पूजा कर शोभायात्रा को रवाना किया।



शोभायात्रा में आगे-आगे धर्म ध्वजा लेकर हाथी की सवारी चली और उसके पीछे-पीछे अन्य छोटी-बड़ी झांकियां जुड़ती गईं। शोभायात्रा में वंदे भारत ट्रेन की झांकी को भी शामिल किया गया है। वंदे भारत ट्रेन में देवी-देवता सवार होकर यात्रा में शामिल हुए।



फोटो: राजेश कुमावत

## गजानन की स्वर्ण मंडित प्रतिमा रही आकर्षण

मोती डूंगरी श्री गणेश मंदिर शोभायात्रा समिति के संयोजक प्रताप भानु सिंह शेखावत ने बताया कि मंदिर श्री मोती डूंगरी गणेश जी से यह 37वीं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र गणेशजी का 18 फुट ऊंचा रथ और गणेश जी की स्वर्णमंडित प्रतिमा रहे। उन्होंने बताया कि जिस रथ पर गणेश जी विराजे हैं, उसे तैयार करने में तीन महीने लगे। इसमें मिरर वर्क और गोटा पट्टी का काम किया गया है। रथ में सैकड़ों साल पुरानी गणेश जी की स्वर्ण मंडित प्रतिमा विराजमान है।

## 8 व्यायामशालाओं के युवाओं ने दिखाए करतब

संयोजक प्रताप भानु सिंह शेखावत ने बताया कि शोभायात्रा में छोटी बड़ी मिलाकर कुल 90 झांकियां शामिल थीं। इनमें मंदिर श्री मोती डूंगरी गणेश जी की भी झांकी थी। शोभायात्रा में 30 इलेक्ट्रिक झांकियां भी शामिल रहीं। इसके साथ ही अन्य समाज और संस्थाओं की 9 झांकियां भी शामिल होगी। झांकी में सबसे आगे लाल बाग के राजा ढोल-ताशों की टोली चली। सबसे पीछे श्रीगणेशजी का रथ चल रहा था, जिस पर मोती डूंगरी गणेशजी का सोने वाला चित्र विराजमान था। शोभायात्रा में हाथी, ऊंट, घोड़ों के साथ शहर के प्रमुख बैंड अपनी प्रस्तुति देते चले। इस दौरान 8 व्यायामशालाओं के युवा भी करतब दिखाते चल रहे थे।

## ये रही बड़ी झांकियां, जिन्होंने ध्यान खींचा

शोभायात्रा में कई ऐसी बड़ी झांकियां थीं, जिन्होंने लोगों का ध्यान खींचा। इनमें देवताओं व राक्षसों द्वारा समुद्र मंथन की झांकी, मोती डूंगरी गणेश मंदिर में नव दंपती को आशीर्वाद देते हुए गणेश जी, शिव परिवार अपनी-अपनी सवारी के साथ, खेलते हुए गणेश व कार्तिकेय जी के पीछे भागती हुई माता पार्वती, सृष्टि रचना के दौरान विघ्न आने पर ब्रह्मा जी द्वारा वट वृक्ष पर बैठे गणेश जी का ध्यान, क्रोधित गणेश जी यमराज को परास्त करते हुए और वाद्ययंत्र बजाते गणपति की झांकियां शामिल थीं।

## जरूरी खबर

### राज्यपाल को बताई सीकर रोड की समस्याएं



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सीकर रोड व्यापार महासंघ के पदाधिकारी अध्यक्ष दिनेश मित्तल की अगुवाई में मिलकर दुपट्टा ओढ़ाकर और राम लला का चित्र भेंट कर अभिनंदन किया। प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को सीकर रोड की विभिन्न समस्याओं के समाधान की दिशा में राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों पर संतोष जताया। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री गजांनद अग्रवाल, चेयर पर्सन रामदयाल बड़ाया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, प्रचारमंत्री गोविंद नारायण बागड़ा शामिल थे।

### परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देश

**जयपुर।** जेडीसी आनंदी की अध्यक्षता में रविवार को जेडीए में अभियांत्रिकी शाखा एवं प्रवर्तन शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जेडीसी ने जाना कि प्रवर्तन शाखा द्वारा अतिक्रमणों पर कैसे कार्रवाई की जाती है। जेडीसी ने अभियांत्रिकी शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं परियोजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने बजट घोषणाओं को मूर्त रूप देने के लिए बेहतर मॉनिटरिंग के साथ तय समयावधि में परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## शिविर में 59 यूनिट रक्तदान



*जयपुर। श्री राधे कृष्ण सेवा समिति एवं लायंस क्लब जयपुर डाइमंड के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर्स कॉलोनी स्थित अग्रवाल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 59 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब जयपुर डाइमंड अध्यक्ष अजय डोगरा, संयोजक शंभू दयाल अग्रवाल, क्लब सदस्य राहुल शर्मा, एएस भटनागर, सुरेंद्र कुमावत, गणेश गुप्ता, नवीन सारस्वत एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। वार्ड 58 पार्षद इंद्र प्रकाश धाभाई ने युवाओं को प्रोत्साहित किया। शिविर में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की ओर से एमडी भोजवानी और टीम ने रक्त संग्रह किया।*

### लापता राहुल पाराशर की तलाश के लिए पिता ने HC में लगाई याचिका

# मेरा बेटा किसी की कैद में, जान को खतरा

बेधड़क | जयपुर

शास्त्रीनगर इलाके से नाहरगढ़ के चरण मंदिर घूमने गए दो भाइयों में से एक लापता राहुल पाराशर की तलाश के लिए उसके पिता सुरेश चंद्र शर्मा ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका लगाई है, जिसमें कहा है कि उनका बेटा किसी की कैद में है। इसके चलते उसकी जान को खतरा हो सकता हैं। ऐसे में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए जाए कि उसकी तलाश करके उसे कोर्ट के समक्ष पेश किया जाए।





अब सोमवार को जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ मामले में सुनवाई करेगी। याचिका में डीजीपी, गृह सचिव, एडीजी, मानव तस्करी विरोधी, पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर उत्तर और शास्त्री नगर एसएचओ को पक्षकार बनाया गया हैं। दरअसल, राहुल अपने छोटे भाई आशीष के साथ 1 सितम्बर को नाहरगढ़ की पहाड़ियों से होते हुए चरण मंदिर गया था। पुलिस को अगले दिन छोटे भाई आशीष पाराशर का शव पहाड़ियों पर मिला था, लेकिन बड़ा भाई राहुल अभी लापता है।

दोनों के पिता सुरेश पाराशर शास्त्री नगर में ही कांजी बड़े की दुकान चलाते हैं। राहुल एमए की पढ़ाई कर रहा है, जबकि आशीष बीए की पढ़ाई कर रहा था। इस पूरे मामले में राहुल के पिता ने पुलिस पर पूरे मामले में लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया हैं। याचिका में कहा गया है कि पुलिस ने पूरे मामले में देरी से तलाश शुरू की। तीन थानों की पुलिस पहले क्षेत्राधिकार के मामले में उलझती रही। अगर समय पर तलाश शुरू की जाती तो संभवत अनहोनी को टाला जा सकता था।

### 11 को मनाई जाएगी राधा अष्टमी

# 'राधा रानी' के जयघोष से गूंजेगा श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर

बेधड़क | जयपुर

बरसाने की लाडली श्रीमती राधारानी का आविर्भाव दिवस राधा अष्टमी 11 सितंबर को मनाई जाएगी। श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में भी लाडली जी के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। राधा अष्टमी के दिन श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में मंगला आरती के बाद भक्त राधिका अष्टम का जाप करेंगे। दिन भर मंदिर में भजन कीर्तन आदि होगा।

इससे पहले मंदिर में 9 और 10 सितंबर को राधा कथा का आयोजन होगा, जिसमें भक्त राधारानी के व्यक्तित्व महिमा के बारे में जानेंगे। मंदिर के अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि भगवान कृष्ण की लीलाओं को समझने के लिए हमे राधारानी की कृपा की आवश्यकता होती है, उनकी कृपा से ही हम भक्ति पथ पर अग्रसर हो सकते हैं। सब कृष्ण से प्रेम करने का प्रयास करते हैं और कृष्ण, राधा से प्रेम करते हैं। उन्होंने बताया कि राधा अष्टमी के दिन संध्या के समय भगवान कृष्ण और राधा का महाभिषेक होगा।



### राधा अष्टमी उत्सव में भजनों से दी हाजिरी

# गोविंद के गाई राधा रानी की बधाइयां

**जयपुर।** ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेव जी में मनाए जा रहे राधा अष्टमी उत्सव के दूसरे दिन रविवार को मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में सुबह श्री हरिनाम संकीर्तन परिवार के सदस्यों ने ठाकुर जी के समक्ष भजनों की प्रस्तुतियां दीं।

श्रद्धालुओं ने राधा रानी के जन्मोत्सव के सुंदर बधाइयां गाई। भजनों पर श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण नृत्य किया। शाम को श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से ठाकुरजी के दरबार में भजनों की हाजिरी दी। शंकर झालानी, शंकर नाटाणी, राजू महरवाल ने हाजिरी लगाई। इससे पूर्व सुबह ठाकुर राधा गोविंद देव जी का मंगला झांकी बाद पंचामृत अभिषेक कर पीले रंग की नवीन लंपा पोशाक धारण करवाई गई।

विशेष अलंकार से श्रृंगार किया गया। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि नौ सितंबर को सुबह चाकर मंदिर श्री गोविंद देवजी के भक्तगण राधा जी और श्रीजी को रिझाएंगे, वहीं, शाम को माताजी वृंदावन की भजन संध्या होगी। दस सितंबर को अखंड हरिनाम संकीर्तन बंगाली महिला मंडल की सदस्याएं सुबह और शाम हरिनाम संकीर्तन के साथ भजनों से ठाकुरजी का गुणगान करेंगी। राधा अष्टमी के दिन भी सुबह की बेला में अखंड हरिनाम संकीर्तन बंगाली महिला मंडल की ओर से ही भजन-कीर्तन होगा। शाम को श्री गौर गोविंद महिला मंडल की महिलाएं किशोरी जी के जन्म की बधाइयां गाएंगी।

## इस महीने भंडार से 19 करोड़ 45 लाख का चढ़ावा निकला

# 'सांवलिया सेठजी' के खजाना से फिर सोने-चांदी और नोटों की बारिश

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

मेवाड़ के सुप्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलियाजी में भगवान श्री सांवलिया सेठ के भंडार की गिनती पांच चरणों में संपन्न हो गई। इस महीने रिकॉर्ड चढ़ावा राशि निकाली, जो कि 19 करोड़ 45 लाख तक पहुंच गई। इसके साथ ही सोने के 95 किलो से अधिक चांदी निकली। भंडार और भेंट कक्ष से 19 करोड़ 45 लाख 43 हजार 400 रुपए की आय हुई है। कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को भगवान श्री सांवलिया सेठ का भंडार खोला गया था। इसके बाद से भंडार से प्राप्त राशि की गणना की जा रही थी। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय नंदकिशोर टेलर के अनुसार श्री सांवलियाजी मंदिर मंडल भेंट कक्ष कार्यालय में नकद और मनीआर्डर के रूप में 3 करोड़ 52 लाख 55 हजार रुपए का चढ़ावा आया। भेंट कक्ष में 123 ग्राम 240 मिलीग्राम सोना और 67 किलो 509 ग्राम 500 मिलीग्राम चांदी भी भेंट स्वरूप प्राप्त हुई। इस माह ठाकुरजी के भंडार और भेंट कक्ष कार्यालय दोनों को मिलाकर 19 करोड़ 45 लाख 43 हजार 400 रुपए प्राप्त हुए। मंदिर मंडल के सदस्य भादसोडा ग्राम पंचायत के सरपंच शंभू लाल सुथार के



अनुसार भंडार से प्राप्त दान राशि अब तक का रिकॉर्ड है। भंडार से निकलने वाली अब तक की सबसे अधिक दान राशि है। अंतिम चरण की गणना करने के दौरान श्री सांवलियाजी मंदिर मंडल बोर्ड के अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर, बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, अशोक कुमार शर्मा, भेरुलाल सोनी, प्रशासनिक अधिकारी प्रथम व नायब तहसीलदार घनश्याम जरवाल, प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र शर्मा, संपदा व सुरक्षा प्रभारी भेरुगिरी गोस्वामी, संस्थापन प्रभारी लेहरी लाल गाडरी सहित मंदिर मंडल और क्षेत्रीय बैंकों के कर्मचारी मौजूद थे।

### सांवलिया सेठ मंदिर में बनाया जा रहा कॉरिडोर

लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्रसिद्ध कृष्ण धाम सांवलिया सेठ मंदिर राजस्थान ही नहीं, बल्कि देश के कई प्रदेशों में भी प्रसिद्ध है। हर महीने सांवलिया सेठ के दर्शनों के लिए लाखों श्रद्धालु आते हैं। इसके लिए मंदिर समिति प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए कॉरिडोर का निर्माण करवाया जा रहा है। भादसोड़ा से मंडफिया तक 7 किलोमीटर लंबा सड़क का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है, जिसका काम जोरों पर चल रहा है। इधर, कॉरिडोर बनने के बाद मंदिर में दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का काफी सुविधा मिलेगी।

### भंडार कक्ष की गिनती में 95 किलो चांदी भी निकली

सांवलिया सेठ के कई अनूठे भक्त गुप्त रूप से भी दान करते हैं। इनमें भक्तों की मुराद पूरी होने के बाद श्रद्धालु सोने और चांदी भी भेंट कक्ष में अर्पित करते हैं। इस दौरान भेंट कक्ष में दिए गए सोने चांदी की गिनती भी की गई। इसमें 320 ग्राम सोना और 95 किलो चांदी भी प्राप्त हुई। हर महीने भेंट कक्ष से इसी तरह सोना और चांदी चढ़ावे के रूप में प्राप्त होती है।

---

## जरूरी खबर

### लेपर्ड ने महिला का सिर धड़ से अलग किया



**उदयपुर**। झाड़ोल थाना इलाके में लेपर्ड ने तीन महिलाओं पर हमला कर दिया। दो महिलाएं बचकर भाग निकलीं, लेकिन एक महिला को पकड़कर लेपर्ड जंगल में ले गया। जब महिला को ढूंढा गया तो उसका धड़ और सिर अलग-अलग मिले। लेपर्ड के बढ़ते हमले और महिला की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे जाम कर दिया। हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने 51 लाख रुपए मुआवजे और लेपर्ड को गोली मारने की मांग की है। झाड़ोल थानाधिकारी रामनिवास ने बताया कि लेपर्ड के हमले में मीराबाई (40) की मौत हुई है। मीराबाई सहित दो अन्य महिलाएं नेशनल हाईवे 58 ई के पास पहाड़ी पर लकड़ियां इकठ्ठा करने गई थीं। तभी यहां घात लगाकर बैठे लेपर्ड ने हमला कर दिया।

### जोधपुर से ब्यास के लिए सत्संग स्पेशल ट्रेन 19 से

**जोधपुर**। पंजाब के ब्यास में आयोजित सत्संग को देखते हुए जोधपुर-ब्यास- जोधपुर सत्संग स्पेशल रेल सेवा शुरू की जाएगी। यह ट्रेन एक फेरा करेगी। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसार सत्संग स्पेशल रेल जोधपुर से 19 सितंबर को दोपहर साढ़े तीन बजे बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10.10 बजे ब्यास पहुंचेगी। इसी प्रकार यह ट्रेन ब्यास से 22 सितंबर को दोपहर तीन बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 09.15 बजे जोधपुर पहुंचेगी। यह रेल मार्ग में पीपाड़ रोड, गोटन, मेड़ता रोड, मारवाड़ मुंडवा, नागौर, बीकानेर, सूरतगढ़, हनुमानगढ़, बठिण्डा, धुरी, लुधियाना व जालंधर सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

---

## स्टेट हाईवे-70 पर आवाजाही पूरी तरह बंद

# ईआरसीपी के पहले नोनेरा एबरा बांध की टेस्टिंग शुरू

**बेधड़क** | इटावा (कोटा)

ईआरसीपी कैनाल परियोजना तहत बने प्रदेश के पहले नोनेरा-ऐबरा बांध के 27 गेटों की टेस्टिंग शुरू हो गई है। इसके तहत कालीसिंध नदी के पानी को बांध में भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह टेस्टिंग 12 सितंबर तक की जाएगी। इसमें आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति का आकलन होगा। इसके साथ ही, 54 क्यूबिक मीटर पानी पीने के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। इसके चलते स्टेट हाईवे-70 (कोटा से इटावा) पर आवाजाही पूरी तरह बंद है। इस दौरान देर रात से बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस का जाब्ता लगाया गया।

जल संसाधन विभाग के अनुसार शनिवार देर रात 12 बजे से टेस्टिंग की प्रक्रिया शुरू की गई थी। दोपहर तक बांध में 209. 15 मिलियन क्यूबिक मीटर जलस्तर था। इसे 217 मिलियन क्यूबिक मीटर तक भरा जाएगा। कालीसिंध ढिपरी पुलिया पर पांच फीट पानी आया है। बांध में तीन लाख 98 हजार क्यूसेक की आवक से पानी को रोका जा रहा है। नोनेरा में कालीसिंध नदी पर बने बांध में जलभराव के कारण ढिपरी-कालीसिंध पुलिया पर प्रभाव पड़ेगा। इस स्थिति के कारण स्टेट हाईवे 70 (कोटा-इटावा) पर आवागमन पूरी तरह से बंद है। इटावा के डीएसपी शिवम जोशी ने बताया कि पुलिया पर आवागमन को पूरी तरह से रोक दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए इटावा और बूढ़ादीत पुलिस को दोनों ओर तैनात किया गया है।

### 5 दिनों तक होगी बांध में पानी भराव की टेस्टिंग





27 गेटों का किया निर्माण

कोटा-इटावा के बीच आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किए गए हैं। कोटा जाने वाले यात्री सीसवाली और अंता होते हुए इटावा पहुंच सकेंगे। ट्रैफिक को गेता, माखीदा और लबान के रास्ते से चलाया जाएगा। साथ ही कालीसिंध नदी के आसपास के गांवों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। जल संसाधन विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आरके जैमिनी और सुपरीटेंडेंट इंजीनियर अनिल यादव ने बताया कि बांध का निर्माण पूरा हो चुका है। इसमें कुल 27 गेटों का निर्माण किया गया है। 12 सितंबर तक इन गेटों की टेस्टिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि बांध की भराव क्षमता 226.65 मिलियन क्यूबिक मीटर है, इसमें से 54 क्यूबिक मीटर पानी पीने के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। इस परियोजना के तहत 442 करोड़ रुपए की लागत से कोटा, बूंदी, बारां के छह कस्बों और 749 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

### 2017 में खाका हुआ था तैयार

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के दूसरे कार्यकाल में 2017 में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का खाका तैयार किया गया था। ईआरसीपी परियोजना के अंतर्गत पार्वती, चंबल और काली सिंध नदियों को जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसके परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के जयपुर, अजमेर, करौली, टोंक, दौसा, सवाई माधोपुर, अलवर, बारां, झालावाड़, भरतपुर, धौलपुर, बूंदी और कोटा को जल संकट से राहत मिलेगी।

### टेस्टिंग के बाद होगी पानी की निकासी

ईआरसीपी योजना के तहत तैयार हुए पहले बांध में पानी भराव के नजारे को देखने के लिए भारी संख्या में इटावा से लोग पहुंचे हैं और नोनेरा बांध के नजारे का लुत्फ उठा रहे हैं। डैम में गेट टेस्टिंग के चलते स्टेट हाइवे-70 कोटा-श्योपुर राजमार्ग को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। वर्तमान में काली सिंध की ढिबरी की पुलिया पर 3 फीट पानी की चादर चलने लगी है, वहीं आगामी 5 दिनों के लिए स्टेट हाइवे-70 अवरुद्ध रहेगा। साथ ही इस डैम में गेट टेस्टिंग के लिए भरे जाने वाले पानी के चलते वर्तमान में कोटा-इटावा राजमार्ग पर स्थित ढिबरी की काली सिंध नदी की पुलिया पर करीब 25 फीट पानी हो भरने की संभावना है। जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता दुलीचंद और कनिष्ठ अभियंता दीपक चौधरी ने बताया कि 5 दिनों तक इस बांध में पानी भराव कर टेस्टिंग किया जाना है। बांध में लगाए गए 27 गेट का समय-समय पर टेस्ट किया जाएगा। उसके बाद इस बांध से पानी की निकासी की जाएगी।

---

## ऋषि पंचमी पर्व पर हुआ हादसा

# पार्वती नदी में नहाने गई 4 लड़कियां डूबी





**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में एक बार फिर पार्वती नदी में चार लड़कियों के डूबने की घटना सामने आई है। यह घटना रविवार को ऋषि पंचमी के मौके पर हुई जब पार्वती नदी में नहाने गई बोथपुरा गांव की चार लड़कियां बह गईं। इस हादसे की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दी गई, जिसके बाद पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और पानी में बह गई लड़कियों को बचाने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। धौलपुर जिले के बोथपुरा गांव की करीब 20 लड़कियों का समूह ऋषि पंचमी के अवसर पर पार्वती नदी में स्नान करने आया था। सभी लड़कियां नदी के किनारे बैठकर नहा रही थीं, तभी पानी का बहाव तेज होने के कारण मोहिनी (14), प्रिया (12), तनु (10) और अंजलि (14) पानी में अपना संतुलन नहीं बना पाईं और बह गईं। उनके साथ आई अन्य लड़कियों ने उन्हें बहता देख बचाने के लिए शोर मचाना शुरू किया, लेकिन पानी का बहाव अधिक होने के कारण बेबस होकर देखती रहीं। कुछ ही देर में ही चारों लड़कियां गहरे पानी में उनकी आंखों से ओझल हो गईं।



### सर्च ऑपरेशन शुरू किया

इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद पार्वती नदी के पास ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नरेश शर्मा मौके पर पहुंचे और जिला मुख्यालय से एसडीआरएफ और सेल्फ डिफेंस की टीम को बुलाया। इसके बाद एसडीआरएफ ने चारों लड़कियों को बचाने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। मामले की जांच कर रहे थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि ऋषि पंचमी के मौके पर गांव की 20 लड़कियों का एक समूह नदी में नहाने गया था। इसमें से चार लड़कियां नदी में डूब गईं। इनमें से दो लड़कियां अंजलि और तनु सगी बहनें हैं। फिलहाल एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन जारी है।

## रलायता गांव में कच्ची दीवार ढहने से सास-बहू की मौत

**भीलवाड़ा**। जिले के फूलियाकलां थाना क्षेत्र के रलायता गांव में बारिश के चलते एक नोहरे की दीवार ढहने से सास-बहू मलबे में दब गई. इस हादसे में सास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहू को गंभीर हालत में शाहपुरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया। इसी दौरान रास्ते में जख्मी बहू ने भी दम तोड़ दिया। फूलियाकलां थाना प्रभारी देवराज सिंह ने बताया कि बारिश होने के बाद रलायता ग्राम निवासी 45 वर्षीय जैती देवी पत्नी रामलाल गुर्जर अपनी 22 वर्षीय बहू मजना पत्नी शंकर गुर्जर के साथ रविवार शाम को घर से अपने नोहरे में गई थी। इस दौरान कच्ची दीवार भरभरा कर उन पर आ गिरी। इससे दोनों सास-बहू मलबे में दब गईं. घटना की सूचना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

---

## धौलपुर का ऐतिहासिक तीर्थराज मचकुंड

# साधु संतों के शाही स्नान के बाद दो दिवसीय लक्खी मेले का आगाज

**बेधड़क** | धौलपुर

ऐतिहासिक तीर्थराज मचकुंड पर ऋषि पंचमी के अवसर पर साधु संतों ने मचकुंड सरोवर में शाही स्नान किया। साधु संतों के स्नान के बाद लक्खी मेले का भी आगाज हो गया। छठ तक मेले का आयोजन किया जाएगा।

भगवान रणछोड़ की नगरी धौलपुर में ऐतिहासिक तीर्थराज मचकुंड पर रविवार सुबह साधु संतों के शाही स्नान के बाद मेले की शुरुआत हो गई। साधु संतों द्वारा ध्वजा पताकाएं लगाकर शाही सवारी निकाली।



मचकुंड सरोवर पर ब्रह्म बेला में शाही स्नान किया गया। साधु संतों और श्रद्धालुओं द्वारा मचकुंड सरोवर की पूजा अर्चना कर परिक्रमा भी की गई। छठ रात्रि तक मेले का आयोजन किया जाएगा। ऋषि पंचमी से छठ तक मेले का आयोजन किया जाता है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत अन्य प्रांतों से श्रद्धालु मचकुंड धाम पर दर्शन करने पहुंचते हैं। भगवान लालडी जगमोहन की श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से ही पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे और लंगर भी लगाए गए हैं।

### छठ को होगा कलंगियों का विसर्जन

सोमवार को मचकुंड सरोवर में नव विवाहित जोड़ों की कलंगियों का मचकुंड सरोवर में विसर्जन किया जाएगा। पौराणिक मान्यता के मुताबिक नव विवाहित जोड़ों की कलंगी एवं मोहरों का मचकुंड में विसर्जन करने की पुरानी मान्यता रही है। बताते हैं नव दंपति के जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है। भगवान मचकुंड सभी की मनोकामना पूरी करते हैं।

### प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था

मचकुंड पर चलने वाले दो दिवसीय मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारी को अंजाम दे दिया है। भारी तादाद में पुलिस बल तैनात किया गया है। मचकुंड सरोवर के आसपास अप्रिय घटना को देखते हुए 50 गोताखोर भी तैनात किए हैं। पार्किंग और पेयजल व्यवस्था के साथ मचकुंड सरोवर के चारों तरफ लाइट की भी बेहतर व्यवस्था की गई है।

## ऋषियों व पूर्वजों को याद कर किया तर्पण

# ऋषि पंचमी का पर्व मनाया

**बाड़मेर**। जिले में ऋषि पंचमी का पर्व रविवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमाली ब्राह्मण समाज के लोगों ने ऋषि पंचमी पर्व पर ऋषियों व पूर्वजों को याद कर तर्पण किया।

महिलाओं ने व्रत रखकर कथा सुनी और विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की। ऋषि पंचमी का पर्व रविवार को जिलेभर में मनाया गया। जिले के उत्तरलाई के बांद्रा गांव की नाड़ी पर श्रीमाली ब्राह्मण समाज के लोगों ने ऋषियों और पूर्वजों को याद कर तर्पण किया। श्रीमाली ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार



दवे ने बताया कि ऋषि पंचमी के पर्व पर समाज की महिलाओं और पुरुषों ने गणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एवं सरोवर तालाब पर जाकर विधिवत रूप से पीतांबर वस्त्र धारण कर हाथों में मणिचा व डाब लेकर सप्त ऋषियों एवं पूर्वजों को याद कर तर्पण किया।

इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए विभिन्न स्थानों और अस्पतालों का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक

# मेडिकल टूरिज्म का बढ़ रहा चलन, बनाएं इस क्षेत्र में कॅरियर

### युवाओं का बढ़ रहा रुझान

बेधड़क | जयपुर

पर्यटन उद्योग आज न केवल यात्रा तक सीमित है, बल्कि यह लोगों को एक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा देने में भी मदद कर रहा है। यही कारण है कि अब अधिकतर युवाओं का रुझान मेडिकल टूरिज्म की ओर बढ़ रहा है।

यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर्यटकों को कुशल चिकित्सकीय पेशेवरों के जरिये बेहतर बायोमेडिकल और नर्सिंग सुविधाएं दी जाती हैं। इस क्षेत्र में नौकरी की संभावनाएं निरंतर बढ़ रही हैं। इसलिए यदि आप भी इस क्षेत्र में अपना करिअर बनाना चाहते हैं, तो आपके पास विभिन्न स्थानों और अस्पतालों का अच्छा ज्ञान होना चाहिए, ताकि आप पर्यटकों के लिए एक सर्वश्रेष्ठ अस्पताल का चयन करने एवं वीजा संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने में उनकी मदद कर सकें।




### इन ट्रेंड की है मांग

आजकल मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में विदेशी पर्यटकों के लिए आयुर्वेद और योग एक आकर्षण का क्षेत्र बना हुआ है। भारत में ऐसे कई होटल, रिसॉर्ट और आयुर्वेद केंद्र हैं, जो लोगों को यह सुविधा दे रहे हैं और कई विदेशी पर्यटक विशेष रूप से आयुर्वेद उपचार के लिए भी भारत का रुख करते हैं। पर्यटन मंत्रालय के 'अतुल्य भारत अभियान' के तहत योग, आयुर्वेद और स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसलिए इस क्षेत्र में युवाओं के लिए अवसरों की कमी नहीं है। आप स्पा और वेलनेस इंडस्ट्री, क्लीनिक और हेल्थ स्पा, एविएशन इंडस्ट्री आदि क्षेत्र में अपना बेहतरीन करिअर बना सकते हैं।

### मेडिकल टूरिज्म कोर्स का परिचय

मेडिकल टूरिज्म कोर्स चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित है, जिसमें आपको बताया जाएगा कि चिकित्सा टूरिज्म से कैसे संबंधित है। आपको अंतरराष्ट्रीय रोगियों की देखभाल के विभिन्न तरीकों, यात्रा और पर्यटन उद्योग, लॉजिस्टिक्स और आतिथ्य उद्योग आदि विषयों से परिचित कराया जाएगा। साथ ही चिकित्सक पर्यटकों के साथ बेहतर संचार करने का कौशल भी सिखाया जाएगा।

### ऐसे करें शुरुआत

यदि आप इस क्षेत्र में कॅरिअर बनाना चाहते हैं, तो आप 12वीं के बाद मेडिकल टूरिज्म में स्नातक कर सकते हैं। आप मेडिकल टूरिज्म में सर्टिफिकेट और हेल्थ केयर मैनेजमेंट और हॉस्पिटल ऑपरेशन मैनेजमेंट में डिप्लोमा भी कर सकते हैं। इसके अलावा मेडिकल टूरिज्म में स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा और एमबीए कोर्स मुख्य रूप से ऐसे पेशेवरों के लिए ही डिजाइन किए गए हैं, जो अधिक विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं। आप चाहें तो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इससे संबंधित ऑनलाइन कोर्स भी कर सकते हैं।

## Yuva स्टोरीज

## 100 से ज्यादा शिक्षकों का जताया आभार




बेधड़क | जयपुर

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में होटल ग्रांड सफारी में रविवार को राष्ट्र स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर उल्लेखनीय योगदान देने वाले राजस्थान और बाहर से आए 100 से अधिक शिक्षकों का स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्यक एजुकेशन एंड चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से यह आयोजन हुआ। समारोह का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध टीवी अभिनेता नवीन शर्मा रहे। इस मौके पर स्टूडेंट्स की विभिन्न कल्चरल परफॉर्मेंस के साथ ही अभिनेता नवीन शर्मा और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एंकर अंकित खंडेलवाल ने भी मौजूद लोगों को उत्साहित करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सम्यक एजुकेशन एंड चेरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर मनीष मित्तल ने बताया कि पिछले एक दशक से अधिक समय से समाज में कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा देने के क्रम में संस्थान ने यह मुहिम शुरू की। जिसके अन्तर्गत शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त और विकसित बनाने में जुटे शिक्षकों का अभिनंदन किया गया। उनका कहना था कि समाज से प्राप्त कर वापस समाज को लौटाने की दिशा में यह सार्थक प्रयास है।

## डीसी डांस चैंपियनशिप सीजन-3 का समापन



बेधड़क | जयपुर

जयपुर में रविवार को डीसी डांस चैंपियनशिप सीजन-3 का समापन हो गया। चैंपियनशिप का फाइनल राउंड बंसल पब्लिक स्कूल प्रताप नगर में आयोजित किया गया। नृत्य प्रतियोगिता के फाइनल में अलवर के कविश सैन ने खिताब जीता। इसका जजमेंट सोनू सर, लोकेश सर के द्वारा लिया गया। डांस चैंपियनशिप के लिए देशभर से ऑडिशन लिए गए थे| आयोजनकर्ता पेशन डांस स्टेप्स के डायरेक्टर विशाल कटारिया, स्ट्रीट डांस एकेडमी के डायरेक्टर सोनू सिंह मल्होत्रा, डांस मेनीया डांस के डायरेक्टर लोकेश कुमार रहे। सभी प्रतियोगियों को ओडिशन राउंड मे सर्टिफिकेट व मैडल दिए गए। सेमिफाइनल मे ट्रॉफी,फाइनल मे जूनियर, सीनियर केटेगरी विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया गया। चैंपियनशिप के आयोजन में सहयोजक डी. के. पब्लिकेशन जयपुर के डायरेक्टर दिनेश जांगिड़ व इसके समर्थनकर्ता मीरा अग्रवाल, समीर चंदेल, कोमल शर्मा, सरिता शर्मा, सुमन शर्मा, आशु आर्य शामल रहे।

## स्टूडेंट्स ने गणेशोत्सव पर सजाई झांकी



बेधड़क | जयपुर

गणेश चतुर्थी के पर्व पर 'स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में स्कूल में धार्मिक विचारधारा के प्रसार तथा उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण को ध्यान में रखते हुए, गणेश चतुर्थी का पर्व अत्यधिक हर्षोल्लाह से मनाया गया। कार्यक्रम का शिक्षा शिक्षण संकुल के निदेशक महोदय ताराचंद पारीक ने अपने कर कमलो से रिद्धि -सिद्धि के दाता 'गणेश' की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया । स्टूडेंट्स ने 'देवा श्री गणेशा देवा' गीत पर रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। क्लास नर्सरी के स्टूडेंट्स ने गणेश की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। भजन संध्या के उपरांत आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

20 सितंबर को होगा सीट एलॉटमेंट

# MBBS सीटों पर शुरू हुई दूसरे राउंड की काउंसलिंग

- 1 अक्टूबर से नया एकेडमिक सेशन
- 17 सितंबर को प्रोविजनल सीट मैट्रिक्स होगी जारी

बेधड़क | जयपुर

नीट यूजी परीक्षा परिणाम के आधार पर एमबीबीएस प्रवेश के लिए चल रही राजस्थान की 85 फीसदी स्टेट कोटा काउंसलिंग का पहला राउंड समाप्त हो चुका है। इसके बाद दूसरे राउंड की काउंसलिंग रविवार से शुरू हो गई है। इसके लिए शनिवार देर रात को नोटिफिकेशन भी राजस्थान के नीट यूजी मेडिकल डेंटल काउंसलिंग बोर्ड ने जारी कर दिया है।

एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि तहत 8 से 26 सितंबर तक यह दूसरे राउंड की काउंसलिंग राजस्थान में होगी। इसके तहत 17 सितंबर को सीट मैट्रिक्स जारी होगी। इसके बाद कैंडिडेट चॉइस फील कर सकेंगे। वहीं 20 सितंबर को पहले राउंड का सीट अलॉटमेंट जारी होगा।




### यह रहेगा राउंड 2 के काउंसलिंग का शेड्यूल

- 8 सितंबर को प्रोविजनल सीट मैट्रिक्स जारी होगी ( राउंड 1 के बाद)
- 8 सितंबर से काउंसलिंग का रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा
- 12 सितंबर शाम 4 बजे तक काउंसलिंग की फीस डिपॉजिट
- 12 सितंबर रात 11:55 तक एप्लीकेशन फॉर्म सबमिट
- 14 सितंबर सुबह 9:00 बजे से ऑफलाइन डॉक्यूमेंट और एलिजिबिलिटी वेरिफिकेशन (दिव्यांग, डिफेंस, पैरामिलिट्री व एनआरआई)
- 13 सितंबर को प्रोविजनल वेरिफिकेशन लिस्ट (दिव्यांग, डिफेंस, पैरामिलिट्री व एनआरआई)
- 14 सितंबर को प्रोविजनल मैरिट लिस्ट
- 17 सितंबर को प्रोविजनल सीट मैट्रिक्स जारी होगी
- 15 से 17 सितंबर अगस्त तक सिक्योरिटी डिपोजिट और चॉइस फिलिंग होगी।
- 17 सितंबर शाम 5:00 बजे चॉइस फिलिंग ऑटो लॉक।
- 18 सितंबर को प्रिंटिंग ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म।
- 20 सितंबर को फर्स्ट राउंड एलॉटमेंट इनफॉरमेशन ऑनलाइन जारी होगी।
- 21 सितंबर 25 सितंबर शाम 5:00 बजे तक ऑनलाइन अलॉटमेंट लेटर को डाउनलोड कर सकेंगे।
- 21 से 25 सितंबर शाम 5:00 बजे तक सीट अलॉटमेंट में सफल कैंडीडेट्स को 1 साल की ट्यूशन फीस जमा करनी होगी।
- 21 से 26 सितंबर सुबह 9:00 से 5:00 तक रिपोर्टिंग व डॉक्यूमेंट सबमिशन।
- 1 अक्टूबर से ही नया एकेडमिक सेशन जारी होगा।

### अपग्रेडेशन के लिए दोबारा भरें चॉइस

देव शर्मा ने बताया कि काउंसलिंग राउंड 2 में शामिल होने के लिए बरती जाने वाली विशेष सावधानियो को भी शेड्यूल के साथ बताया है। काउंसलिंग राउंड-1 की सीट आवंटन में सफल कैंडिडेट सीट अपग्रेडेशन चाहते हैं तो उन्हें राउंड 2 में शामिल होने के लिए दोबारा चॉइस फिलिंग करनी होगी। राउंड 1 सीट आवंटन में असफल कैंडिडेट भी यदि राउंड 2 में शामिल होना चाहते हैं तो उन्हें भी चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया दोबारा पूरी करनी होगी, यानी प्रत्येक परिस्थिति में काउंसलिंग राउंड 2 में शामिल होने के लिए चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया अनिवार्य होगी। राउंड-2 से फ्री एग्जिट संभव नहीं है। ऐसे में कैंडिडेट चॉइस फिलिंग के दौरान विशेष सावधानी बरतें।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में बाला गांव ने बाजी मारी

**जयपुर**। उपखण्ड के नया राम गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में रविवार को जिला स्तरीय 68वीं हैंडबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। जिसमें अलग-अलग गांवों से आई टीमों ने खेल मैदान में अपना दमखम दिखाया। इस दौरान जीतने वाली टीम को अगले दौर में प्रवेश दिया। निर्णायक मंडल के संयोजक रूप सिंह राठौड़ नारणावास ने बताया कि नया रामा गांव के राजकीय स्कूल के खेल मैदान में आयोजित 68वीं 14 वर्षीय छात्र- छात्रा जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में 24 व छात्रा वर्ग में 12 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन मैच छात्र वर्ग में रामा व बाला गांव की टीमों के बीच हुआ। जिसमें बाला ने जीत दर्ज की।

प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स अवॉर्ड का तेरहवां संस्करण 9 सितंबर से

## देशभर के 150 से ज्यादा शिक्षकों का होगा सम्मान




बेधड़क | जयपुर

थार सर्वोदय संस्थान, सिम्पली जयपुर और रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शिक्षकों के सम्मान में प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स अवार्ड 2024 के 13वें संस्करण का आयोजन सोमवार 9 सितम्बर को किया जाएगा। जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में इसका आयोजन होगा।

कार्यक्रम के आयोजक सोमेंद्र हर्ष और अंशु हर्ष ने बताया की इस वर्ष कुछ ऐसे शिक्षकों का सम्मान भी किया जाएगा, जिन्होंने अपना जीवन नई पीढ़ी को ज्ञान देने में समर्पित किया।माला माथुर मेमोरियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड इन एजुकेशन शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत और उपलब्धि का सम्मान है।

इस वर्ग में डॉ जसबीर जैन, प्रोफेसर डॉ पवन सुराणा, डॉ दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, रूप कौल, उदय मिर्धा और पंचशील जैन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मान किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर जम्मू-कश्मीर, लखनऊ, नई दिल्ली और राजस्थान के सभी जिलों जिसमे जयपुर, जोधपुर, पाली, जालोर , अजमेर , बाड़मेर , कोटा से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी, प्राइवेट और NGO संचालित स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, प्री-स्कूल, और कोचिंग संस्थानों के करीब 150+ शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

### माला माथुर मेमोरियल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

इस अवसर पर रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट की ओर से हर साल की तरह इस वर्ष भी शिक्षा के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले छह शिक्षकों को माला माथुर मेमोरियल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा जाएगा। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य उन शिक्षकों के योगदान को सराहना और मान्यता प्रदान करना है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है।

## शिक्षक संघ के चुनाव संपन्न

**जयपुर**। सांचौर में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के वार्षिक चुनाव निर्विरोध तरीके से आदर्श विद्या मंदिर सुभाष चौक सांचौर में पर्यवेक्षक लालाराम चौधरी और निर्वाचन अधिकारी मोहनलाल विश्नोई के निर्देशन में संपन्न हुए। जिसमें पूरी नवीन कार्यकारिणी निर्विरोध गठित हुई। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व नगाराम चौधरी और ब्लॉक मंत्री का दायित्व कमलेश सुथार, कोषाध्यक्ष तुलसाराम राजपुरोहित को दिया गया।

प्रतिस्पर्धा | 68वीं खेलकूद प्रतियोगिताएं आज से

# कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी जिला स्तर पर दिखाएंगे कौशल

बेधड़क | सवाई माधोपुर

सवाई माधोपुर जिले में 68वीं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन सोमवार से होगा। जिले में स्कूली बच्चों के लिए सितंबर और अक्टूबर के महीने में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले की कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राएं जिला स्तर पर अपने खेल का कौशल दिखाएंगे।

शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए कैलेंडर में 31 अगस्त से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं होनी थी, लेकिन बरसात के चलते सवाई माधोपुर भरतपुर, गंगापुर सिटी में यह प्रतियोगिता कैंसिल कर दी गई थी। इसके बाद अब यह प्रतियोगिता 8 सितंबर से शुरू होगी, जो की 22 अक्टूबर तक चलेगी। 68वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 17 वर्षीय (जूनियर) व 19 वर्षीय (सीनियर) स्कूली छात्र छात्राएं अपने खेल का कौशल दिखाएगे।



### खेलों के लिए 4 समूह बनाए

शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तर पर विभिन्न खेलों के लिए 4 समूह बनाए गए हैं। इन चार समूहों की प्रतियोगिताएं 4 चरणों में होगी। पहले समूह में फुटबॉल, कबड्डी, टेबल-टेनिस, जूडो, कुश्ती, शतरंज, कराटे, सेपक टकरा, ताइक्वांडो, साइक्लिंग ट्रैक प्रतियोगिता को रखा है। दूसरे समूह में खो-खो, तैराकी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, योगा, रोलर स्केटिंग, लॉन टेनिस 10 प्रतियोगिताएं रखा गया है। तीसरे समूह में क्रिकेट, हॉकी, वॉलीबॉल, जिमनास्टिक, वेटलिटिंग, राइफल शूटिंग, सॉटबॉल, रग्बी फुटबॉल, नेटबॉल, मलखंभ, तीरंदाजी, साइक्लिंग रोड को रखा है। चौथे समूह में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

### 11 नवम्बर तक खेलों का रोमांच

संशोधित आदेश के अनुसार पहले समूह में अब 9 से 12 सितंबर तक, दूसरे समूह की 16 से 20 सितंबर, तीसरे समूह की 23 से 27 सितंबर और चौथे समूह की 18 से 22 अक्तूबर तक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होगी। दूसरे चरण में राज्य स्तर पर पहले समूह में 17 से 23 सितंबर, दूसरे समूह का 26 सितंबर से 2 अक्टूबर, तीसरे समूह का 4 अक्टूबर से 10 तक और चौथे समूह का 5 नवम्बर 11 तक खेलों का रोमांच रहेगा।

# वाराणसी के सभी आदित्य पीठों में मूर्धन्य स्थान प्राप्त लोलार्कदित्य

## लोलार्क कुंड स्नान दिवस पर विशेष



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"सूर्यदेव अनेक रूप धारण करके काशी में रहते हुए उस धर्मनिष्ट राजा के राज्य में एक वर्षपर्यन्त भी कोई भी दोष नहीं पा सके। अन्ततोगत्वा सूर्यदेव मन्दराचल पुनरागमन के स्थान पर काशी में अपनी बारह मूर्तियां बनाकर स्थापित हो गए। आदित्य भगवान का मन काशी के दर्शन में अत्यंत लोन हो गया था। इसलिए वहाa सूर्यदेव का नाम लोलार्क पड़ गया। इस कुंड को सूर्य कुंड के नाम से भी जाना जाता है।"*

उत्तरप्रदेश राज्य के प्रसिद्ध वाराणसी अर्थात काशी नगरी के प्रमुख तीर्थ स्थलों में अस्सि व गंगा का संगम, दशाश्वमेघ घाट, मणिकर्णिका, पंचगंगाघाट, वरुणा व गंगा का संगम और लोलार्क तीर्थ का नाम प्रमुख है। सहस्त्राब्दियों से विख्यात दशाश्वमेघ घाट में भारशिव राजाओं ने दस अश्वमेघ यज्ञों का अनुष्ठान कर अभिषेक किया था। मणिकर्णिका को मुक्ति क्षेत्र कहा जाता है। पंचगंगा में पांच नदियों के धाराओं के मिलने की कथा जगत विख्यात है।

नारदीय पुराण तथा शिव पुराण काशी-खण्ड के अनुसार पंचगंगा में स्नान करने वाला व्यक्ति पंच तत्वों में स्थित इस शरीर को पुनः धारण नही करता, अर्थात जीवन -मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। वरुणा-गंगा का संगम तीर्थ आदि केशव घाट अत्यंत प्राचीन है। श्री लोलार्केश्वर महादेव मन्दिर के पास स्थित लोलार्क कुंड वाराणसी के सबसे प्राचीन व पवित्र स्थानों में से एक है। काशी के सभी आदित्य पीठों में मूर्धन्य स्थान प्राप्त सूर्य के बारह आदित्यों में से प्रथम लोलार्क आदित्य, लोलार्कादित्य वाराणसी में असिसंगम के समीप लोलार्क कुंड पर ही स्थित व स्थापित हैं। इसे काशी में स्थित समस्त तीर्थों में प्रमुख माना जाता है, क्योंकि असिसंगम पर स्थित होने के कारण लोलार्ककुंड का जल गंगा में मिल जाने के बाद ही वह जल काशी के अन्य तीर्थों में पहुंचता है। मान्यता है कि इनके द्वारा काशीवासियों का सदा योगक्षेम होता रहता है। शतपथ ब्राह्मण और महाभारत में भी लोलार्क का उल्लेख है।

स्कन्द पुराण के काशी खण्ड, शिव रहस्य, सूर्य पुराण और काशी दर्शन में विस्तार से लोलार्क माहात्म्य का वर्णन अंकित है। मान्यतानुसार सूर्य के रथ का पहिया भी कभी यहीं गिरा था, जो एक कुंड के रूप में विख्यात हुआ। कालांतर में यह यहाँ स्नान करने वाले निःसंतान दंपति को संतान सुख देने वाले स्थल के रूप में लोकमान्यता को प्राप्त हो गया कि निःसंतान दंपति को सपत्नीक इस कुंड में स्नान कर लेने से उसको संतान का लाभ अवश्य ही मिलता है। कतिपय पुरातत्वविदों के अनुसार इस स्थान पर सहस्त्रों वर्षों पूर्व आकाश से भयानक आवाज करते हुए एक उल्का पिंड गिरा था। आग की लपटों में घिरी उल्का ऐसा भान करा रही थी कि मानों सूर्य पिंड ही पृथ्वी पर गिरा रहा है। उल्का पिंड के पृथ्वी पर गिरने के कारण ही लोलार्क कुंड का निर्माण हुआ था।

लोलार्क कुंड के संबंध में काशी खण्ड में अंकित कथा के अनुसार जब काशी में दिवोदास के उसके राज्य से उद्वासन हेतु भगवान शिव द्वारा भेजी गई योगिनीमण्डल भी प्रत्यावर्तित न हो सकी, तब काशी का समाचार जानने की इच्छा से शिव ने सूर्यदेव को काशी भेजते हुए कहा कि हे सूर्य! आप तो संसार में सभी जंतुओं की चेष्टाओं को जानते हैं। इसी कारण आप जगच्चक्षु कहे जाते हैं। इसलिए आप इस कार्यसिद्धि के लिए काशी जायें। शिव की आज्ञा पाकर सूर्यदेव ने काशी की ओर गमन किया। मुक्तिदायिनी रम्यपुरी काशी की दर्शन-लालसा से अत्यंत उत्सुक सूर्यदेव ने काशी पहुंचकर कर भीतर और बाहर दोनों ही ओर विचरण किया, लेकिन उन्हें राजा के विषय में कोई अधर्म नहीं दिखा। सूर्यदेव अनेक रूप धारण करके काशी में रहते हुए उस धर्मनिष्ट राजा के राज्य में एक वर्षपर्यन्त भी कोई भी दोष नहीं पा सके। अन्ततोगत्वा सूर्यदेव मन्दराचल पुनरागमन के स्थान पर काशी में अपनी बारह मूर्तियां बनाकर स्थापित हो गए। आदित्य भगवान का मन काशी के दर्शन में अत्यंत लोन हो गया था। इसलिए वहाँ सूर्यदेव का नाम लोलार्क पड़ गया। इस कुंड को सूर्य कुंड के नाम से भी जाना जाता है।

मान्यता है कि भाद्रपद्र के शुक्ल पक्ष की पष्ठी वाले दिन लोलार्क कुंड से लगे कूप से आने वाले जल में सूर्य की रश्मियों के पड़ने से संतान उत्पत्ति का योग बनता है। इस काल में महिलाओं के स्नान करने से उन्हें संतान प्राप्त होती हैं। खगोलीय व वैज्ञानिक मान्यता के आधार पर लोलार्क कुंड की बनावट कुछ इस तांत्रिक विधि से की गई है कि भाद्रपद मास की षष्ठी तिथि को सूर्य की किरणें इस कुंड के स्थान पर अत्यंत प्रभावी बन जाती है। इस दिन यहां स्नान करने के उपरान्त कोई फल क्रय कर उसमें सूई चुभाई जाती है, जिसे सूर्य की रश्मि का प्रतीक भी माना जाता है। एक अध्ययन के अनुसार यह भारत का एकमात्र ऐसा कुंड है, जिसकी चारों दिशाएं पूर्ण रूपेण खगोलीय मानकों पर आधारित हैं। इसके उत्तर की ओर पोल कॉस्मिक नॉर्थ है, अर्थात खगोल विज्ञान के मानकों पर सटीक उत्तर की दिशा। लोलार्क षष्ठी पर सूर्य की किरणें इसके उत्तरी पोल से गुजरती हैं। ये किरणें उल्टे पिरामिड के आकार की सीढ़ियों और पोल से जैसे-जैसे नीचे जाती हैं, उनकी तीव्रता बढ़ती जाती है। गंगा के जल और किरणों की ओज से शरीर को जो ऊर्जा मिलती है, वह गर्भाधान में सबसे ज्यादा फायदेमन्द होती है।

मान्यतानुसार भाद्रपद शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन सूर्य की किरणें इस कुंड के जल को अत्यन्त प्रभावी बना देती हैं। इस दिन इस कुंड में स्नान करने से लोलार्केश्वर महादेव प्रसन्न होकर सन्तान प्राप्ति की कामना रखने वाले दम्पतियों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। इसलिए भदैनी मुहल्ले में स्थित लोलार्क कुंड में भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष षष्ठी अर्थात अमावस्या के छठे दिन स्नान करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु यहाँ आते हैं, जो एक विशाल मेला का रूप ले लेता है। इस दिन श्रद्धालु जन मनोकामना पूर्ति के लिए लोलार्कादित्य की पूजन-अर्चन कर मनोवांछित फल की कामना करते हैं। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि का यह दिन लोलार्क छठ के नाम से प्रचलित है। मान्यता के अनुसार इस दिन इसमें स्नान करने से बांझ अर्थात संतानोत्पत्ति में असमर्थ महिलाओं को भी संतानोत्पत्ति होती है। चर्म रोगियों को लाभ मिलता है। इसलिए.संतान की कामना से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश के कोने-कोने से खीचें चले आते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## डीप फेक को नियंत्रित करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास जरूरी

# विज्ञान की नई चुनौती 'डीप फेक'



रीतेश ओमप्रकाश जोशी
स्वतंत्र टिप्पणीकार



*"डीपफेक की पहचान करने के लिए पहचान उपकरणों के विकास को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। डीपफेक मुद्दों के संभावित खतरों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यकता होने पर अन्य देशों के साथ साझा कार्रवाई करने की व्यवस्था भी एक अच्छी पहल हो सकती है। इन कुछेक प्रयासों से डीपफेक वीडियो से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती हैं।"*

तकनीक ने विषय के रूप में न केवल विज्ञान को सशक्त किया है बल्कि भाषाई शब्दकोष को भी संवर्धित किया है । विज्ञान एवम तकनीक के बढ़ते प्रभाव के कारण हम ऐसे शब्दों से भी न केवल परिचित हुए हैं, बल्कि व्यापक रूप में दैनिक जीवन में उपयोग कर रहे हैं जिन्हें हम साल - दो साल पहले तक जानते भी नहीं थे । ऐसा ही एक शब्द जो वर्तमान में न केवल चर्चा में बना हुआ है बल्कि सर्वाधिक चिंता का विषय भी है वह डीप फेक है।

मीडिया अक्सर एआई-जनरेटेड सामग्री के एक रूप का वर्णन करने के लिए "डीपफेक" शब्द का उपयोग करता है जिसमें नकली ऑडियो, वीडियो या प्रामाणिक दिखने वाली छवियों में हेरफेर करना या उन्हें बनाना शामिल होता है, जिसे देखकर प्रथम दृष्टया उनके सही होने का आभास होता है। कई बार ये ऑडियो , वीडियो इतने प्रभावशाली नजर आते है कि आम व्यक्ति के लिए उनके झूठे होने का विश्वास करना कठिन हो जाता है। डीपफेक एक्सपर्ट अक्सर ठोस लेकिन झूठी सामग्री बनाने के लिए हाईटेक एल्गोरिदम का उपयोग करते है, जिसके जरिए वे किसी वीडियो या छवि में एक व्यक्ति के चेहरे को दूसरे के चेहरे से बदलने या ऑडियो या वीडियो रिकॉर्डिंग में किसी की आवाज़ की नकल करने अथवा ऐसा प्रतीत कराने, जैसे कोई कुछ ऐसा कह रहा है जो उन्होंने वास्तव में कभी नहीं कहा, जैसे कृत्य बड़ी आसानी से कर भ्रम पूर्ण माहौल बनाने में सफल हो जाते है। इसके अतिरिक्त किसी ऐसे व्यक्ति का नकली वीडियो या छवि बनाने संबंधी कार्य जैसा उसने कभी किया ही न हो, भी इसकी सहायता से बनाया जा सकता है।

डीपफेक की भीषण त्रासदी यही है कि इसका उपयोग मनोरंजन, शिक्षा से दीगर दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इसके माध्यम से आसानी से गलत सूचना या अफवाह का प्रसार किया जा सकता है अथवा किसी की प्रतिष्ठा या विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। डीप फेक के संभावित खतरे को भांप कर केंद्र सरकार ने नवंबर 2023 में डीपफेक और ऐसी सामग्री से निपटने के लिए विनियमन तैयार करने का इरादा जताया था, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई और प्रगति परिलक्षित होने के कारण यह मामला एक जनहित याचिका के रूप में माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली के समक्ष विचाराधीन है। दायर जनहित याचिका (पीआईएल) में उल्लेखित किया गया है कि डीपफेक तकनीक का प्रसार समाज के विभिन्न पहलुओं के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। इससे सार्वजनिक विमर्श और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अखंडता के कमजोर होने का अंदेशा है। देश के वरिष्ठ पत्रकार की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि हम एआई विरोधी तकनीक का इस्तेमाल करके ऐसी स्थिति को खत्म कर सकते हैं, अन्यथा बहुत नुकसान हो सकता है।

इन मुद्दों से निपटने के लिए चार चीजों- पता लगाना, रोकथाम, शिकायत निवारण तंत्र और जागरूकता बढ़ाना, की आवश्यकता है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के वकील ने भी इसे ऐसी समस्या माना है जिससे निपटने की जरूरत है। माननीय न्यायालय ने भी इस बिंदु पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है कि एआई के लिए केवल तकनीक ही उसकी काट होगी। न्यायमूर्ति मनमोहन की चिंता इन शब्दों में स्पष्ट परिलक्षित होती है कि "यह ऐसा कुछ है कि आप जो देख रहे हैं और जो सुन रहे हैं, आप उस पर भरोसा नहीं कर सकते। यह कुछ ऐसा है जो चकित करता है। जो मैंने अपनी आंखों से देखा और जो मैंने अपने कानों से सुना, मुझे उस पर भरोसा नहीं करना है, यह बहुत ही चौंकाने वाला है। "याचिका में डीप फेक सामग्री के निर्माण में मदद देने वाले ऐप्लिकेशन और सॉफ्टवेयर तक सार्वजनिक पहुंच को रोकने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। डीपफेक की महामारी को जनहित में नियंत्रित किया जाना आवश्यक है अन्यथा इसके दुरुपयोग से समाज में अराजकता फैलने का खतरा हमेशा बना रहेगा। मशहूर शायर जौन एलिया साहब के शब्दों में हालात ऐसे न बन जाए कि

***अब नहीं कोई बात ख़तरे की***
***अब सभी को सभी से ख़तरा है***

एक समय था जब कहा जाता था आवश्यकता आविष्कार की जननी है , पर वर्तमान परिदृश्य में आविष्कार होने के बाद आवश्यकता आविष्कार की गुलाम लगने लगी है। डीप फेक को नियंत्रित या विनियमित करने के लिए सभी स्तरों में प्रयास किया जाना आवश्यक है। सर्वप्रथम डीपफेक को कानूनी तौर पर परिभाषित किया जाना और उनके संभावित नुकसान (जैसे, यौन रूप से स्पष्ट, हिंसक या अपमानजनक) के आधार पर उन्हें वर्गीकृत किया जाना नितांत आवश्यक है। बड़ी संख्या में नई पीढ़ी के इस ओर बढ़ते रुझान को देखते हुए डीपफेक बनाने या साझा करने वाले ऐप के लिए आयु संबंधी सत्यापन अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त हानिकारक डीपफेक का पता लगाने और हटाने के लिए AI-संचालित सामग्री मॉडरेशन को अनिवार्य किया जा सकता है।नियंत्रण हेतु यह भी नैतिक मापदंड निर्धारित किया जाए कि डीपफेक साझा किए जाने पर प्रकटीकरण अनिवार्य हो, जो यह दर्शाए है कि यह प्रसारित वीडियो या ऑडियो प्रामाणिक नहीं है। हानिकारक डीपफेक के निर्माता और उसे साझा करने वालों का दांडिक उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाना भी आवश्यक है।

डीपफेक ऐप्स की निगरानी करने और नीतियों को लागू करने के लिए वर्तमान में कोई नियामक निकाय नही है,इसके लिए नियामक एजेंसी की स्थापना होना चाहिए जिसके माध्यम से विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए ऐप्स का नियमित ऑडिट किया जा सके तथा गैर-अनुपालन के लिए दंड का प्रावधान किया जा सके जिसमें जुर्माना या ऐप हटाना शामिल रहे। इसके अतिरिक्त डीपफेक की पहचान करने के लिए पहचान उपकरणों के विकास को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। डीपफेक मुद्दों के संभावित खतरों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यकता होने पर अन्य देशों के साथ साझा कार्रवाई करने की व्यवस्था भी एक अच्छी पहल हो सकती है। इन कुछेक प्रयासों से डीपफेक वीडियो से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती हैं। ए आई को मानवता के विकास के नए आयाम के रूप में प्रचारित किया गया था पर ए आई जन्य जोखिम को देखते हुए शायर सुबोध लाल साक़ी बरबस ही याद आते है -

***हम ने ख़तरा मोल लिया नादानी में***
***ख़ुद को छोड़ा अपनी ही निगरानी में***

बहरहाल जब तक कुछ उपाय ना मिले, गलत सूचना फैलाने से बचने के लिए डीपफेक की संभावना के बारे में जागरूक रहें और विश्वसनीय स्रोतों के माध्यम से जानकारी को सत्यापित अवश्य करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# पहले इस्तेमाल फिर विश्वास



आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार

बाके बिहारी एक दिन सुबह-सुबह अपने लिए कुर्ता खरीदने बाजार गया। सेठजी ने उसे कई तरह के कुर्ते दिखाते हुए कहा आप ये वाला लो इसका कपड़ा बहुत बढ़िया है, हमारा विश्वास कीजिए। विश्वास शब्द सुनते ही बाके बिहारी को एक कंपनी के प्रोडक्ट का विज्ञापन याद आ गया कि "पहले इस्तेमाल करें फिर विश्वास करें।"

बाके बिहारी ने कहा सेठ जी पहले इसे में इस्तेमाल करूंगा मतलब पहनूंगा फिर विश्वास करूंगा। सेठजी ने कहा दादा में आपकी बात कुछ समझा नहीं। बाके बिहारी ने कहा में आपकी बात पर तो यकीन करूं, परंतु इस कुर्ते पर कैसे विश्वास करूं कि यह अच्छा निकलेगा। बाके बिहारी की यह बात सुनकर दुकानदार का दिमाग चकरा गया। सोच में पड़ गया कि अब क्या करूं? सच बोलूंगा तो ग्राहक हाथ से चला जाएगा, पहले ही मंदी का दौर जो चल रहा है और झूठ बोलकर दूंगा और कहीं कपड़ा खराब निकल गया तो ये उसके गले की घंटी बन जाएगा।

सेठजी के तेज धड़कते दिल के अंदर से आवाज आई, सोचता क्या है, आज तो दे कल जो होगा देखा जाएगा। सेठ जी ने बड़े ही दावे के साथ कुर्ते की 100% गारंटी ले ली। पर बाके बिहारी कहां मानने वाला था। उसने कहा में चोट खाया हुआ हूं। मेरे विश्वास का विश्वास घात हो चुका है। "भरोसे की भैस पाड़ा दे चुकी है।" बाके की यह मुहावरेदार बातें सेठ जी के सर के ऊपर से जा रही थी। सेठ जी ने कहा दादा साफ-साफ कहो यूं मुहावरों में बात मत करो। सिगरेट का कश खींचते हुए बाके बिहारी ने कहा सेठ जी मैंने एक बार दुकानदार के कहने पर सस्ता लाईटर नहीं खरीदते हुए उनकी पसंद का मंहगा 10 रुपए वाला सिगरेट जलाने का लाईटर इस विश्वास से खरीदा था कि कुछ महिनों तक तो चलेगा। पर मेरा विश्वास उस समय टूटकर चूर-चूर हो गया जब एक दिन खेत पर बारिश के समय में सिगरेट पीने के लिए जेब से उस लाइटर को निकाला तो चला ही नहीं। कुछ महीने तो छोड़ो कुछ दिन ही चला। उस दिन से मैंने तय कर लिया कि आगे से कोई भी सामान लेने से "पहले इस्तेमाल करूंगा फिर विश्वास करूंगा।" बाके बिहारी की बात सुनकर सेठ जी की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने दर्द भरे गले से कहा अब आपके लिए में क्या कर सकता हूं। बाके बिहारी ने मुस्कराते हुए कहा सेठ जी आप बस इतना करें कि मुझे यह कुर्ता दे दीजिए। कुछ दिन पहनकर देख लूंगा आपके कहे अनुसार अच्छा निकला तो पैसे दे जाऊंगा और अच्छा नहीं निकला तो कुर्ता वापस दे जाऊंगा।

बाके की यह बात सुनकर कर सेठ जी ने चौंकते हुए कहा क्या! नहीं-नहीं ऐसा नहीं हो सकता... तो बाके बिहारी ने भी कह दिया कोई बात नहीं फिर रहने दो। सेठ मन ही मन बाके बिहारी को कोसते हुए कुछ बुद-बुदाया। सुबह-सुबह बौनी बट्टा नहीं होने पर सेठ जी का मूड खराब हो गया, पर उन्होंने भी सोच लिया कि आज तो वे बाके बिहारी को नसीहत देकर ही रहेंगे।

उन्होंने जाते हुए बाके बिहारी को आवाज लगाकर बुलाया और कहा दादा कही आपके परिवार में किसी के बच्चे होंगे तो आप क्या करोगे?

बाके बिहारी ने चौंकते हुए कहा सेठ जी यह कैसा बेहुदा प्रश्न है। आपके कहने का क्या मतलब है? सेठ जी ने कहा बच्चे के पैदा होने के बाद कुछ साल तक पहले आप उसे इस्तेमाल करेंगे मतलब परखोगे की कैसा है। "पहले इस्तेमाल फिर विश्वास।" भगवान न करे अगर कहीं वह खराब निकल गया तो क्या आप उसे भगवान को वापस कर दोगे। सेठ जी की यह बात सुनकर बाके बिहारी वहां से ऐसा "नौ दो ग्यारह" हुआ कि पलक झपकते ही बुलेट ट्रेन की स्पीड से सेठ जी की आंखों से ओझल हो गया।

## आलोचक खगेन्द्र ठाकुर का जन्मदिवस आज

# आलोचना... संपूर्ण समाज और कालखंड के लिए



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



खगेन्द्र ठाकुर बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। कवि, आलोचक, व्यंग्यकार, पत्रकार, संपादक, संगठनकर्ता और एक राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी। हिंदी साहित्य आलोचना के क्षेत्र में, तो वह एक प्रमुख स्तंभ थे। अपने आलोचना-कर्म से उन्होंने हिंदी साहित्य को न सिर्फ समृद्ध किया, बल्कि उसे एक नई दिशा प्रदान की। खगेन्द्र ठाकुर का जिंदगी के जानिब रवैया हमेशा सकारात्मक रहा। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी सार्थक तरीके से जी। उनकी प्रतिबद्धता देश के सबसे ज्यादा शोषित-वंचित समुदाय के प्रति थी। उन्हीं के बीच और उन्हीं के लिए काम कर, उन्होंने अपना जीवन गुजारा। एक ब्राह्मण परिवार में जन्म लेने के बाद भी वह जिंदगी भर ब्राह्मणवाद से संघर्ष करते रहे। इसकी बुराईयों का उन्होंने विरोध किया। एक इंटरव्यू में खगेन्द्र ठाकुर ने अपने बारे में बड़े ही साफगोई से यह स्वीकार किया था,'बहुत बड़ा स्वप्न तो कभी नहीं देखा था, पर इतने का संकल्प तो था कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए कुछ करते रहना चाहिए। जिनकी प्रेरणा से लिखने की दृष्टि मिली, उन्होंने मुझे समाज और जनता के करीब लाया।.....अत्याचार, दमन से त्रस्त शोषित-वंचित बहुत बड़ा जन-समूह है, जो मेरी प्रेरणा भूमि है, मेरा समाज है। मेरी जमीन है, जहां खड़ा होकर मैं लिखता हूं।' उन्होंने जिस ज़मीन पर खड़े होकर अपना लेखन शुरू किया, फिर उससे कभी नाता नहीं तोड़ा। उनका ज्यादातर लेखन शोषित-वंचित समुदाय के हक़ में और उसकी बेहतरी के लिए है। समाज में व्याप्त शोषण और असमानता पर उन्होंने जमकर प्रहार किया।

प्रगतिशील लेखक संघ के साथ-साथ खगेन्द्र ठाकुर, कम्युनिस्ट पार्टी के अखबार 'जनशक्ति' से भी जुड़े रहे। उस जमाने में बिहार में 'जनशक्ति' एक अहम नाम था और इस अखबार ने प्रदेश की परम्परागत पत्रकारिता में एक बड़ा बदलाव किया। इस अखबार में खगेन्द्र ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साल 1946 में शुरू हुआ 'जनशक्ति' पहले साप्ताहिक था, बाद में साल 1975 में यह दैनिक हो गया। रविवार को छपने वाले 'रविवासरीय' परिशिष्ट के खगेन्द्र ठाकुर प्रभारी थे।

एक साल तक उन्होंने इस अखबार के संपादक का कार्यभार भी संभाला। 'जनशक्ति' में उनकी 'दृष्टिकोण' कॉलम के अंतर्गत छोटी-छोटी राजनीतिक टिप्पणी छपती थीं। उस वक्त अखबार में प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का कॉलम भी शुरू हुआ, लेकिन उनकी मसरूफियत के चलते आगे यह कॉलम बंद हो गया। परसाई का कॉलम रूका, तो खगेन्द्र ठाकुर को एक व्यंग कॉलम 'राह चलते' की जिम्मेदारी सौंप दी गई। यह कॉलम वे छद्म नाम 'राहगीर' के नाम से लिखते थे। उनका कॉलम खूब पसंद किया गया। खगेन्द्र ठाकुर एक अच्छे संगठनकर्ता थे। बिहार प्रगतिशील लेखक संघ के वह दो दशक साल 1973 से लेकर 1994 तक प्रदेश महासचिव रहे। यही नहीं साल 1994 से 1999 तक उन्होंने प्रलेसं के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी भी संभाली। उनके कार्यकाल में प्रगतिशील लेखक संघ का काफी विस्तार हुआ। साल 1968 में खगेन्द्र ठाकुर की पहली किताब 'धार एक व्याकुल' (कविता संग्रह) प्रकाशित हुई। 'रक्त कमल धरती पर' उनका दीगर कविता संग्रह है। हिंदी साहित्य में खगेन्द्र ठाकुर का अहम योगदान आलोचना के क्षेत्र में है। आलोचना के बारे में उनका ख़याल था,'आलोचना सिर्फ लेखकों के लिए नहीं होती है, सम्पूर्ण समाज और समय काल के लिए होती है। नई पीढ़ी के रचनाकार अगर आलोचना से प्रेरणा नहीं लेते हैं, तो यह विडम्बना है।' आलोचना पर उनके इस सकारात्मक रवैये की वजह से ही खगेन्द्र ठाकुर नए रचनाकारों में बेहद लोकप्रिय थे। हिंदी साहित्य आलोचना पर केन्द्रित खगेन्द्र ठाकुर की कई किताबें प्रकाशित हुईं। जिनमें से प्रमुख हैं 'आलोचना के बहाने', 'कविता का वर्तमान', 'समय, समाज और मनुष्य', 'प्रगतिशील आंदोलन के इतिहास-पुरुष', 'दिनकर : व्यक्तित्व और कृतित्व', 'उपन्यास की महान परम्परा', 'कहानी संक्रमणशील कला', 'हिंदी कहानी आजः पृष्ठभूमि और परिप्रेक्ष्य', 'कहानीः परंपरा और प्रगति', 'समकालीन कहानी का देशकाल', 'छायावादी काव्य की भाषा' और 'नागार्जुन का कवि कर्म'। बाबा नागार्जुन पर केन्द्रित 'नागार्जुन का कवि कर्म' उनकी एक महत्वपूर्ण किताब है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

"RISING RAJASTHAN" इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के संदर्भ में दक्षिण कोरिया एवं जापान की यात्रा राजस्थान के औद्योगिक विकास एवं आर्थिक समृद्धि के लिए नया अध्याय लिखेगी। इस यात्रा के माध्यम से हम न केवल विदेशी निवेश आकर्षित करने में सफल होंगे, अपितु राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और विकास की अपार संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर भी प्राप्त करेंगे।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव:** कुश्ती पर सियासी दांवपेच... भाजपा- कांग्रेस के बीच वार-पलटवार जारी

# BJP की बृजभूषण को हिदायत, विनेश-बजरंग के खिलाफ न बोलें तो बेहतर

एजेंसी | चंडीगढ़

पहलवान विनेश फोगाट व बजरंग पूनिया के कांग्रेस में शामिल होने के बाद हरियाणा में गरमाई सियासत हुई।

इस मामले में जारी बयानबाजी के बीच, भाजपा ने पार्टी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को विनेश फोगाट और बजरंग के खिलाफ बयान देने से बचने को कहा है।

सिंह ने शुक्रवार को विनेश व बजरंग पर निशाना साधते हुए कई सवाल उठाए थे। इसके बाद पार्टी ने उन्हें यह सलाह दी है। मीडिया रिपार्टों के अनुसार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बृजभूषण सिंह को फोन कर उन्हें विनेश व बजरंग पर के खिलाफ बयानबाजी से बचने के लिए कहा। बृजभूषण सिंह ने रविवार को भी इस मामले को लेकर हुड्डा परिवार पर हला किया। ज्ञात रहे कि विनेश और बजरंग ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों को लेकर शुरू हुए आंदोलन के दौरान धरने पर बैठे थे।







## बजरंग का पलटवार, भाजपा में जाते तो देशभक्त कहलाते

इस बीच, बजरंग पूनिया ने बृजभूषण शरण सिंह पर पलटवार किया है। उन्होंने रविवार को कहा बृजभूषण शरण सिंह और भाजपा की दिक्कत यह है कि हम कांग्रेस में शामिल हो गए। अगर भाजपा में जाते तो हम देशभक्त कहलाते। मगर, हम कांग्रेस में शामिल हुए हैं तो वे हमें देशद्रोही कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने नेता राहुल गांधी और उनके संघर्ष के साथ हैं। हमारी पार्टी सभी वर्गों की आवाज उठा रही है। चाहे वह किसान हों, युवा हों या खिलाड़ी हों। उन्होंने कहा कि मैं एक एथलीट और किसान का बेटा हूं। पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी के अनुसार, मुझे लगता है कि मैं किसानों की चिंताओं को बेहतर तरीके से उठा सकता हूं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विनेश फोगाट पर दिए बयान को लेकर बजरंग पूनिया ने कहा, अगर विनेश को हराना आसान है तो सीएम सैनी अपने लिए सुरक्षित सीट क्यों तलाश रहे हैं? अगर उन्हें लगता है कि विनेश फोगाट को कोई भी हरा सकता है, तो उन्हें जुलाना से चुनाव लड़ने के लिए कहें। गठबंधन से जुड़े सवाल पर पूनिया ने कहा कि अगर भाजपा को कांग्रेस और आप के गठबंधन से कोई समस्या है, तो वे केंद्र में गठबंधन में क्यों हैं? उनके पास 240 सीटें हैं। उन्हें विपक्ष में बैठना चाहिए। बजरंग ने कहा कि हम इंडिया गठबंधन की पार्टियों के साथ मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।

## देश हुड्डा परिवार को कभी माफ नहीं करेगा: बृजभूषण सिंह

ब्रजभूषण सिंह ने हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके परिवार की तुलना पांडवों से की है। भाजपा के पूर्व सांसद ने रविवार को कहा कि देश ने पांडवों को आज तक माफ नहीं किया। उसी तरह से हुड्डा परिवार को भी माफी नहीं मिलेगी। बृजभूषण ने कहा कि महाभारत के दौरान पांडवों ने जुए में द्रौपदी को दांव पर लगा दिया। वह लोग उसे हार भी गए और देश ने उन्हें आज तक माफ नहीं किया है। ठीक उसी तरह से हुड्डा परिवार ने भी हमारी बहनों और बेटियों के सम्मान के साथ समझौता किया है। इन लोगों को भी भविष्य में माफी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन लोगों को हमेशा इसके लिए दोषी माना जाएगा।

## बजरंग पूनिया को मिली जान से मारने की धमकी

**सोनीपत (हरियाणा)।** कांग्रेस पार्टी में हाल ही में शामिल हुए पहलवान बजरंग पूनिया को जान से मारने के धमकी मिली है। विदेशी नंबर से व्हाट्सएप पर धमकी दी गई है। धमकी में कहा गया है कि कांग्रेस छोड़ दो वरना तेरे और तेरे परिवार के लिए अच्छा नहीं होगा। ये हमारा आखिरी संदेश है। धमकी में यह भी कहा गया है कि चुनाव से पहले हम दिखा देंगे हम क्या चीज हैं। जहां शिकायत करनी है कर ले, ये हमारी आखिरी और पहली चेतावनी है। धमकी मिलने के बाद पहलवान बजरंग पूनिया ने सोनीपत के बहालगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस विदेशी नंबर को ट्रेस करने की कोशिश कर रही है। इसमें साइबर क्राइम एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है।

दो दिन पहले पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने बजरंग को कांग्रेस किसान मोर्चा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। बजरंग पूनिया ने कांग्रेस में शामिल होने से पहले रेलवे से इस्तीफा दे दिया था।

## TMC से नाता तोड़ रिपुन बोरा फिर कांग्रेस में शामिल

**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रिपुन बोरा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से नाता तोड़ एक बार फिर कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। जिसके बाद रविवार को चराइदेव में आयोजिक एक कार्यक्रम में उन्होंने दोबारा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर बोरा के साथ टीएमसी के कई अन्य शीर्ष पदाधिकारी भी कांग्रेस में शामिल हुए। असम के प्रभारी कांग्रेस महासचिव जितेंद्र सिंह ने चराईदेव में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी का पार्टी में स्वागत किया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद रिपुन बोरा ने कहा कि कांग्रेस मेरा पुराना घर है और आज मैं अपने घर लौटा हूं। मैं दो साल तक टीएमसी में था। इस समय असम और पूरे देश में जो माहौल है, उसे बदलना समय की मांग है।

**हरियाणा में मंथन का दौर जारी:** आप को मिल सकती हैं पांच सीटें

# कांग्रेस-आप में गठबंधन पर बनी सहमति... आज घोषणा संभव

■ यह बोले राघव चड्ढा: आरजू भी है, हसरत भी है और उम्मीद भी है

एजेंसी | चंडीगढ़/नई दिल्ली

हरियाणा में अगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन को लेकर प्रयास जारी हैं। सूत्रों के अनुसार दोनों पार्टियों में सीटों पर सहमति बन गई है और दोनों दल साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। आप हरियाणा में पांच-छह सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमत हो गई है। पार्टी सूत्रों ने यह भी बताया है कि गठबंधन की घोषणा सोमवार को की जा सकती है। संभावित गठबंधन पर आप नेता राघव चड्ढा ने शायराना अंदाज में कहा कि आरजू भी है, हसरत भी है और उम्मीद भी है।

सूत्रों के अनुसार, हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया और आप नेता राघव चड्ढा के बीच शनिवार के बाद रविवार को भी बैठक हुई। सूत्रों का दावा है कि आप 10 सीटें मांग रही थी, लेकिन कांग्रेस ने उनको इतनी सीटें देने से साफ इनकार दिया। कांग्रेस ने पांच सीटों की पेशकश की, जिस पर आप ने सहमति जताई है। दोनों नेताओं की यह बैठक सकारात्मक माहौल में हुई है। सूत्रों के अनुसार आम आदमी पार्टी को जींद, कलायत, पानीपत ग्रामीण, पेहोवा, फरीदाबाद और गुरुग्राम सीट मिल सकती है। उधर, आप पार्टी की ओर से पंजाब के साथ ही लगती गुहला चीका सीट भी मांगी गई, लेकिन इस पर सहमति नहीं बनी है।





### जीत की स्थिति होगी तभी आगे बढ़ेंगे: राघव

इससे पहले आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस और उनकी पार्टी दोनों अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं को किनारे रखकर हरियाणा चुनाव के लिए गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। चड्ढा ने कहा कि हालांकि पार्टियां अभी भी गठबंधन पर आम सहमति पर नहीं पहुंच पाई हैं, लेकिन बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और उन्हें अच्छे नतीजे की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि आप गठबंधन के साथ आगे नहीं बढ़ेगी अगर कोई जीत की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की व्यवस्था पर हर बिंदु पर टिप्पणी नहीं की जा सकती। दोनों पार्टियों को गठबंधन बनाने की इच्छा और उम्मीद है।

### राहुल गांधी चाहते हैं गठबंधन

ज्ञात रहे कि इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हरियाणा कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर दिलचस्पी दिखाई थी। हालांकि उन्होंने अंतिम फैसला प्रदेश के नेताओं पर छोड़ दिया था। तब से ही चर्चा चल रही है कि दोनों दलों के बीच गठबंधन हो सकता है। हालांकि बीच-बीच में सीट को लेकर तकरार की बात भी सामने आती रही है।

### सकारात्मक दिशा में हुई बैठकें

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि गठबंधन को लेकर ऐसा लग रहा है कि आम आदमी पार्टी ने कम सीटों पर समझौता कर लिया है। आप को अच्छी संख्या में सीटें दी जा रही हैं। सकारात्मक दिशा में बैठकें हुई हैं। सीटों पर जल्द फैसला हो जाएगा।

**बदले -बदले से नजर आ रहे NCP प्रमुख**

# अजित पवार बारामती से नहीं लड़ना चाहते चुनाव

एजेंसी | बारामती

राकांपा (अजित पवार) प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार लोकसभा चुनावों के बाद से काफी बदले-बदले दिख रहे हैं। एक दिन पहले शनिवार को राजनीति को परिवार तक लाने की गलती स्वीकार करने के बाद उन्होंने रविवार को बारामती से चुनाव न लड़ने के संकेत दिए हैं। अजित ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम में कहा कि वे अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यों से संतुष्ट हैं। उन्होंने कभी भी बेबुनियाद और असंगत बयान देने वालों का समर्थन नहीं किया है। वे हमेशा ऐसी टिप्पणियों के विरोध में रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमने बारामती में हर वर्ग का और सर्वांगीण विकास किया है। इतना ही नहीं, पूरे राज्य में सबसे ज्यादा धनराशि बारामती के लिए आवंटित की गई है। उन्होंने आगे कहा कि अब मेरी उम्र 65 साल हो गई है और मैं अब संतुष्ट हूं। इसके साथ ही उन्होंने बारामती से चुनाव न लड़ने के संकेत देते हुए कहा कि बारामती वालों को एक बार मेरे अलावा कोई और विधायक मिलना चाहिए, ताकि वे एक विधायक के रूप में वे मेरे और नए विधायक के बीच तुलना कर सकते हैं।



### की थी गलती स्वीकार

इससे पहले, शनिवार को अजित पवार ने कहा कि समाज परिवारों में दरार को पसंद नहीं करता और उन्होंने पहले ही अपनी गलती स्वीकार कर ली है। अजित ने कहा था कि उन्होंने अपनी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को मैदान में उतारकर गलती की है और कहा कि राजनीति को घर में प्रवेश नहीं करना चाहिए। उनका ये बयान हाल के लोकसभा चुनावों में उनकी पत्नी सुनेत्रा और चचेरी बहन सुप्रिया सुले के बीच हुए चुनावी मुकाबले से जुड़ा हुआ था।

### 1991 से हैं बारामती से विधायक

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख अजित पवार 1991 से बारामती के विधायक हैं। इतना ही नहीं, 2019 के विधानसभा चुनावों में उन्होंने भाजपा के गोपीचंद पडलकर पर 1.65 लाख वोटों के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की थी।

**संजय राउत ने फडणवीस पर कसा तंज**

# सौ जन्म लेकर भी शरद पवार की सोच को नहीं समझ सकते

एजेंसी | मुंबई

शिवसेना (यूबीटी)नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की आलोचना करते हुए कहा कि भले ही वह 100 जन्म ले लें, तब भी वह यह नहीं समझ पाएंगे कि राकांपा (एसपी) सुप्रीमो शरद पवार के दिमाग में क्या चल रहा है।

राउत का यह बयान तब सामने आया है, जब कुछ दिन पहले फडणवीस ने दावा किया था कि शरद पवार ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए तीन से चार नामों की सूची बनाई है। लेकिन उद्धव ठाकरे उनमें से नहीं हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, क्या फडणवीस को 2019 में पता था कि शरद पवार क्या सोच रहे थे और क्या योजना बना रहे थे? अगर वे सौ बार भी जन्म ले लें, तब भी यह नहीं सोच सकते कि शरद पवार के दिमाग में क्या चल रहा है। अगर राज्य सरकार में कुछ हिम्मत बची है, तो उसे चुनाव की तारीख का एलान करना चाहिए।





**गृह मंत्री शाह के बयान पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का जवाबी हमला**

# शाह का हिंदुओं को डराने का प्रयास: फारूक

एजेंसी | श्रीनगर

नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को कहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की गठबंधन ही जीतेगी। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि यह गठबंधन जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलवाकर रहेगा।

फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस भारत को वह बनाना चाहते हैं, हम उस भारत के खिलाफ हैं। भारत सबका है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और जितने भी लोग यहां रहते हैं, वो भारत के हैं। हम घुसपैठिये नहीं हैं। फारूक अब्दुल्ला ने आगे कहा, जो मुसलमानों पर ऊंगली उठा रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि मुसलमानों ने भी इस मुल्क की आजादी के लिए काम किया है, जानें दी हैं। वतन की आजादी में मुसलमान बराबर का हिस्सेदार है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि वो सिर्फ हिंदुओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वो यह समझते हैं कि हिंदू उन्हें वोट देगा पर मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि हिंदू अब वो हिंदू नहीं रहा जो इनकी बातें सुनेगा। पहले इन्होंने राम को बेचने की कोशिश की अब ये इन्हें डराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि धारा 370 हटने के बाद आतंकवाद खत्म होने का भाजपा का दावा भी झूठा है। शाह ने जम्मू में बीजेपी की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि एनसी-कांग्रेस जम्मू कश्मीर में आंतकवाद का राज वापस लाएंगे।







### J&K: BJP ने 10 और प्रत्याशी घोषित किए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की है। इस सूची में 10 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। पार्टी ने कठुआ विधानसभा सीट से डॉ. भारत भूषण को मैदान में उतारा है। भाजपा ने करनाह से इदरीस करनाही, हंदवाड़ा से गुलाम मोहम्मद मीर, सोनावारी से अब्दुल राशिद खान, बांदीपोरा से नसीर अहमद लोन और गुरेज से फकीर मोहम्मद खान को टिकट दिया है। अन्य उम्मीदवारों में उधमपुर-पूर्व से आरएस पठानिया, कठुआ से डॉ. भारत भूषण, बिश्नाह से राजीव भगत, बहू से विक्रम रंधावा और मढ़ से सुरिंदर भगत शामिल हैं।

**जम्मू कश्मीर में चढ़ा सियासी पारा**

# POK निवासी हमारे अपने... वो भारत आएं और उसका हिस्सा बनें: सिंह

■ राजनाथ ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर साधा निशाना... कहा- जब तक भाजपा है, 370 की बहाली नहीं हो सकती

एजेंसी | जम्मू

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान अब गति पकड़ने लगा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गत दिनों चुनावी शंखनाद के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता व गृह मंत्री अमित शाह ने छह व सात सितंबर को राज्य का दौरा कर चुनाव अभियान को गति दी।

ककांग्रेस जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली का वादा दोहरा रही है, वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस अनुच्छेद 370 की बहाली की बात कही है। दूसरी ओर राजनाथ सिंह ने रविवार को रामबन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ठाकुर के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अनुच्छेद 370 को बहाल करने के चुनावी वादे को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि जब तक भाजपा है, यह असंभव है। इसके साथ ही राजनाथ सिंह ने को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के निवासियों से भारत आने और उसका हिस्सा बनने के लिए कहा। उन्होंने पीओके निवासियों से कहा कि हम आपको अपना मानते हैं जबकि पाकिस्तान आपको विदेशी मानता है। दरअसल, रक्षामंत्री जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार का प्रचार करने पहुंचे हैं। सामान्य रूप से यह चुनावी भाषण का एक हिस्सा लग सकता है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब भाजपा की तरफ से पीओके को लेकर इस तरह का रुख दिखाया गया है।



### पीओके के लोगों को पाक मानता है विदेशी

राजनाथ सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश (पाकिस्तान) के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने हाल में एक हलफनामा दायर कर कहा कि पीओके विदेशी भूमि है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं पीओके के निवासियों को यही बताना चाहता हूं कि पाकिस्तान आपको विदेशी मान रहा है, लेकिन भारत में लोग आपको ऐसा नहीं मानते हैं। हम जम्मू और घाटी में इतना विकास करेंगे कि पीओके के लोग देखकर कहेंगे कि हमें पाकिस्तान में नहीं रहना है, हम भारत चले जाएंगे।

### अफजल गुरु को फांसी नहीं देते तो क्या माला पहनाते !

राजनाथ सिंह ने संसद पर हमले के दोषी अफजल गुरु की फांसी को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला के बयान पर भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उमर अब्दुल्ला ने ऐसी टिप्पणी की। अगर अफजल गुरु को फांसी नहीं देते, तो हमें क्या करना चाहिए था? क्या हमें सार्वजनिक रूप से उसे माला पहनाना चाहिए था। उमर अब्दुल्ला ने कहा था, 'मेरा मानना है कि अफजल गुरु की फांसी से कोई उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। न ही उसकी फांस में जम्मू-कश्मीर सरकार की कोई भागीदारी थी। मालूम हो कि संसद भवन पर 13 दिसंबर, 2001 को आतंकी हमला हुआ था। इसकी साजिश रचने के आरोप में अफजल गुरु को 9 फरवरी, 2013 को दिल्ली की तिहाड़ जेल में फांसी दी गई।

### रामबन सीट: BJP प्रत्याशी के सामने त्रिपक्षीय चुनौती

रामबन सीट पर भाजपा के राकेश सिंह ठाकुर का मुकाबला नेकां के अर्जुन सिंह राजू और पार्टी के बागी सूरज सिंह परिहार से है। पिछली बार भाजपा के नीलम कुमार लेंगे ने यह सीट जीती थी लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

### क्या मायने हैं राजनाथ सिंह के बयान के

दरअसल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओ के लोगों को भारत आने की पेशकश कर एक साथ दो निशाने लगाए हैं। इस संदेश के जरिये उन्होंने दिखाया कि पीओके को लेकर भारत की नीति और मंशा क्या है। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए वोट बैंक को मजबूत करने का काम किया है। दरअसल घाटी में कई लोग ऐसे हैं जो पीओके के लोगों के साथ सहानुभूति रखते हैं। इसके साथ ही वो पीओके को कश्मीर का ही हिस्सा मानते हैं। ज्ञात रहे कि राजनाथ सिंह से पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का हिस्सा बता चुके हैं। इस साल मार्च में शाह ने लोकसभा चुनाव से पहले पीओके को भारत का हिस्सा कहा था।

जरूरी खबर

## NSA डोभाल जाएंगे रूस, शांति के सूत्र तलाशेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और यूक्रेन की हाल की यात्रा के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल जल्द मास्को की यात्रा पर जाएंगे। डोभाल मुख्य रूप से ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) समूह के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस जा रहे हैं। लेकिन, उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य रूस-यूक्रेन संघर्ष का समाधान निकालना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनएसए डोभाल ब्रिक्स बैठक के लिए रूस जा रहे हैं परन्तु ऐसी संभावना है कि वह अपने रूसी समकक्ष के साथ बातचीत भी करेंगे और क्षेत्र में शांति लाने के तरीकों पर विमर्श करेंगे।

## हरियाणा: कांग्रेस ने 9 प्रत्याशी और घोषित किए

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इसमें 9 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए बृजेंद्र सिंह को उचाना से टिकट दिया गया है। तोशाम से अनिरुद्ध चौधरी, महम से बलराम दांगी, बादशाहपुर से वर्धन यादव, गुरुग्राम से मोहित ग्रोवर, नांगल चौधरी से मंजू चौधरी, टोहाना से परमवीर सिंह और थानेसर से अशोक अरोड़ा को टिकट दिया गया है। अब तक कांग्रेस ने तीन सूची में कुल 41 प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं।

## बस्तर में तैनात होंगी CRPF की 4 और बटालियन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर के सबसे अधिक नक्सल-हिंसा प्रभावित क्षेत्र में 4,000 से अधिक कर्मियों की चार और बटालियनें तैनात करने जा रहा है। यह देश को 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सलवाद से मुक्त करने की रणनीति का हिस्सा है। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों रायगढ़ में कहा था कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में है और इसे खत्म करने के लिए कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। केंद्र नक्सलवाद (वामपंथी उग्रवाद) का खात्मा करने को प्रतिबद्ध है।

## नदी में बही कार, दंपती ने छत पर चढ़ बचाई जान

**साबरकांठा (गुजरात)।** गुजरात के साबरकांठा जिले में रविवार को एक दंपती ने अपनी कार की छत पर करीब दो घंटे बिताए। कार एक पुल को पार करते समय उफनती नदी में बह गई थी। कार पूरी तरह से पानी में डूब गई थी और उसकी केवल छत ही नजर आ रही थी। स्थानीय दमकल अधिकारी कमल पटेल के मुताबिक, कार पुल को पार करने का प्रयास कर रही थी, लेकिन यह बह कर करीब डेढ़ किलोमीटर दूर चली गई थी। उस समय नदी के तेज बहाव और बढ़े हुए जलस्तर ने बचाव कार्य को मुश्किल बना दिया। दंपती कार से बाहर निकलकर उसकी छत पर चढ़ने में सफल रहे।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस ... जले ज्ञान का दीप



**नई दिल्ली।** *उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। वे समारोह में मुख्य अतिथि थे। धनखड़ ने सभी लोगों से कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।*

## अबू धाबी के क्राउन प्रिंस भारत यात्रा पर आए



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अबू धाबी (यूएई) के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय भारत दौरे पर रविवार को दिल्ली पहुंचे। क्राउन प्रिंस के रूप में अल नाहयान का यह पहला आधिकारिक भारत दौरा है। नई दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनकी अगवानी की और उनका औपचारिक स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान अल नाहयान के साथ वहां के कई मंत्री और एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। क्राउन प्रिंस नौ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे और राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद 10 सितंबर को अल नाहयान मुंबई का दौरा करेंगे और एक बिजनेस फोरम में शामिल होंगे।

### हिंसा की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता, उग्रवादियों के पास ड्रोन व रॉकेट

# CM के इस्तीफे के कयास... केंद्र करे मणिपुर की अखंडता की रक्षा

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर में हाल में बढ़ती हिंसा की घटनाओं व उग्रवादियों के पास ड्रोन और रॉकेट जैसे आधुनिक हथियार होने की बात सामने आने के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने केंद्र से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए कदम उठाने की अपील की है।

सीएम बीरेन सिंह ने रविवार सुबह राज्यपाल एल. आचार्य से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री की दो दिनों में राज्यपाल से यह दूसरी मुलाकात है। इसके पहले उन्होंने शनिवार रात्रि भी राज्यपाल से मुलाकात की थी।

यह मुलाकात मुख्यमंत्री के बंगले पर विधायकों की बैठक के तुरंत बाद हुई है। इन बैठकों के बाद इस बात के कयास शुरू हो गए कि मुख्यमंत्री अपना इस्तीफा दे सकते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र को मणिपुर में शांति सुनिश्चित करनी चाहिए और राज्य सरकार को पर्याप्त शक्तियां देनी चाहिए।



### विधायकों के साथ सीएम राज्यपाल से मिले

मुख्यमंत्री 20 से अधिक विधायकों के साथ रविवार सुबह करीब 11 बजे राजभवन पहुंचे। राज्यपाल के साथ उनकी लगभग एक घंटे तक बैठक चली। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह भी मौजूद रहे। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से कुकी समूह द्वारा उठाई गई अलग प्रशासन की मांग को न मानने का आग्रह किया। साथ ही सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ) समझौते को रद्द करने का आह्वान किया, ताकि सुरक्षा बल पूरी ताकत से उग्रवादियों पर कार्रवाई कर सकें। उग्रवादी समूहों के साथ राजनीतिक वार्ता शुरू करने के उद्देश्य से वर्ष 2008 में एसओओ समझौता किया गया था। मणिपुर में 30 कुकी उग्रवादी समूहों में से 25 भारत सरकार और राज्य सरकार के साथ त्रिपक्षीय संचालन स्थगन (एसओओ) के अधीन हैं। राजभवन ने एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सिंह ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ राज्यपाल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। हालांकि, न तो राजभवन और न ही मुख्यमंत्री ने ज्ञापन के बारे में कोई ब्योरा दिया।

### क्यों बढ़ी है सरकार की चिंता

- उग्रवादी हमलों में आधुनिक हथियारों खासकर ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।
- बीते दिनों उग्रवादियों ने बम गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया था।
- बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिले के इलाकों में कई ड्रोन देखे
- बीते दिनों उग्रवादियों ने हमले के लिए रॉकेट का भी इस्तेमाल किया था।

### इंफाल घाटी में ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं में कई लोगों की मौत के बाद राज्य में रविवार को सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। एक अधिकारी ने कहा, रविवार को अभी तक हिंसा की कोई नई घटना दर्ज नहीं की गई है। विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक सुरक्षा बलों के साथ मिलकर स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि असम राइफल्स ने किसी भी ड्रोन हमले से निपटने के लिए इंफाल घाटी के दूरस्थ इलाकों में ड्रोन रोधी प्रणालियां तैनात की हैं। अधिकारी के मुताबिक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने राज्य पुलिस को एक ड्रोन रोधी प्रणाली सौंपी है। इस बीच, हिंसा की घटनाओं के चलते हवाई गश्त करने के लिए एक सैन्य हेलिकॉप्टर को भी तैनात कर दिया गया है।

### बांग्लादेश के खिलाफ टीम घोषित

## पंत की वापसी, यश दयाल और आकाश दीप को मिला मौका



**एजेंसी** | मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज यश दयाल को टीम में शामिल किया गया है। उन्हें पहली बार चुना गया है। ऑलराउंडर आकाश दीप को भी मौका दिया गया है। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की 21 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। पंत ने आखिरी टेस्ट दिसंबर 2022 में संयोग से बांग्लादेश के खिलाफ ही खेला था। उसके बाद पंत कार दुर्घटना में घायल हो गया था और उन्हें लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा। उन्होंने 15 महीने बाद यानी जून 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। भारत व बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 19 सितंबर से शुरू होगी। पहला टेस्ट चेन्नई और दूसरा कानपूर में होगा। केएल राहुल भी सबसे लंबे फॉर्मेट में लौट आए हैं। उन्होंने आखिरी टेस्ट इस साल जनवरी में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था।

### पहले टेस्ट के लिए टीम इस प्रकार है...

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

## अमेरिका पहुंचे राहुल, प्रवासियों से मिलेंगे

**डलास(अमेरिका)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अमेरिका के डलास पहुंच गए हैं। विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी का यह पहला अमेरिका दौरा है। राहुल यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और यहां के छात्रों और भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे। राहुल डलास के बाद 9 सितंबर को टेक्सास और 10 सितंबर को वॉशिंगटन डीसी का भी दौरा करेंगे। राहुल गांधी ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर यह जानकारी देते हुए बताया, मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चर्चाओं में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं जो हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। इससे पहले ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने बताया था कि राहुल गांधी 8 सितंबर से अमेरिका यात्रा पर रहेंगे और भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे। सैम पित्रोदा ने बताया था कि हर शहर में एक प्रवासी कार्यक्रम होगा।



### ट्रेनी डॉक्टर से रेप व हत्या का मामला

## टीएमसी सांसद सरकार का राज्यसभा से इस्तीफा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने रविवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में बंगाल सरकार के रवैये के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। पत्र में में जवाहर सरकार ने अपनी ही पार्टी के 'कुछ खास लोगों' पर दबंग रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### मंत्रिमंडल की बैठक बुलाएं CM: राज्यपाल

इस बीच, राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को तत्काल मंत्रिमंडल की आपातकालीन बैठक बुलाने और इस मुद्दे पर चर्चा करने का निर्देश दिया। राजभवन के सूत्र ने यह जानकारी दी। बोस ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार को कोलकाता पुलिस के आयुक्त विनीत गोयल को बदलने की लोगों की मांग पर फैसला करना चाहिए। सूत्र ने बताया, राज्यपाल बोस ने कहा है कि सरकार जिम्मेदारी से बच नहीं सकती और राज्य में हो रही चिंताजनक घटनाओं पर चुप नहीं रह सकती।

### रेलवे की एक और पहल

# त्योहारी सीजन में दौड़ेंगी 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय रेलवे यात्रियों के लिए सफर आसान बनाने के लिए कई कदम उठा रहा है। इसके तहत नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू की जा रही हैं। अब रेलवे की योजना त्योहारी सत्र में 20 कोच की वंदे भारत ट्रेन लाने की है।

फिलहाल वंदे भारत ट्रेन आठ या 16 कोच के साथ चलती हैदावा किया जा रहा है कि ये ट्रेनें दिल्ली से कुछ खास मार्गों पर चलाई जाएंगी। जानकारी के मुताबिक बढ़ती भीड़ और त्योहारी सीजन को देखते हुए यह इंतजाम किया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। अपनी रफ्तार और सुविधाओं के चलते यह ट्रेन लोगों की पसंदीदा बनती जा रही है। हालांकि बढ़ती डिमांड के चलते इसके टिकट की शॉर्टेज भी होने लगी है। हालांकि यात्रियों की बढ़ती संख्या, खासतौर पर त्योहारी सीजन के दौरान भीड़ काफी ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को कन्फर्म टिकट हासिल करने में मुश्किल होती है।



### नई दिल्ली-अजमेर रूट पर मिल सकती है ट्रेन

सूत्रों के अनुसार 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन उत्तर रेलवे के चुनिंदा मार्गों पर चलेंगी। जिन मार्गों पर इसके चलने की संभावना हैं उनमें, नई दिल्ली-वाराणसी (दो ट्रेन), नई दिल्ली-श्री माता वैष्णों देवी कटरा (दो ट्रेन), नई दिल्ली-अंब अंदूरा (हिमाचल प्रदेश), हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति, नई दिल्ली-अजमेर, नई दिल्ली-देहरादून, हजरत निजामुद्दीन-खजुराहो, पुरानी दिल्ली-अमृतसर रूट हो सकते हैं। इन ट्रेनों की रफ्तार 130 किमी प्रति घंटे की रह सकती है। गौरतलब है कि अगस्त में 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन का सफल ट्रायल हुआ है। यह ट्रायल मुंबई-अहमदाबाद रूट पर हुआ था।

### 20 कोच की वंदे भारत की 25% क्षमता अधिक

फिलहाल 16 कोच के वंदे भारत में दो एग्जीक्यूटिव एसी चेयर कार कोच और 16 एसी चेयर कार कोच होते हैं। कुल मिलाकर इसमें 1204 सीटें होती हैं। 20 कोच वाली वंदे भारत में यात्रियों के लिए ज्यादा जगह होगी। जानकारी के मुताबिक इसमें सिटिंग कैपेसिटी 25 फीसदी बढ़ा दी गई है। फिलहाल दिल्ली से अलग-अलग रूट्स पर 11 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। वाराणसी से लेकर कटरा तक चलने वाली इन ट्रेनों में काफी भीड़ रहती है।

## बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब क्षेत्र अब डिप्रेशन में बदल गया है। डिप्रेशन कलिंगपट्टनम (आंध्र प्रदेश) से लगभग 310 किलोमीटर पूर्व, गोपालपुर (ओडिशा) से 260 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, पारादीप (ओडिशा) से 290 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और दक्षिण दीघा (पश्चिम बंगाल) से 410 किलोमीटर दूर स्थित है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान मौसमी प्रणाली के उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल तटों की ओर बढ़ने तथा डीप डिप्रेशन में तब्दील होने का अनुमान है।

## शेखावाटी हवेलियों का वैभव दर्शाया



**बेधड़क. जयपुर।** जेकेके की सुकृति आर्ट गैलरी में अहमदाबाद के सीनियर फोटो आर्टिस्ट दिनेश पंचोली की एग्जीबिशन "द लेगेसी ऑफ शेखावाटी हवेलीज" का पूर्व आईएएस ललित के पंवार ने उदघाटन किया। विश्व की सबसे बड़ी ओपन आर्ट गैलरी के रूप में विख्यात राजस्थान के शेखावाटी अंचल की हवेलियों के कलात्मक सौन्दर्य और वैभव को पंचोली ने अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया है। "द लेगेसी ऑफ शेखावाटी हवेलीज" के मौके पर एमएनआईटी जयपुर के आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट एचओडी प्रो. राजीव श्रृंगी, कथिका ट्रस्ट फाउंडर अतुल खन्ना और सीनियर फोटो आर्टिस्ट महेश स्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गुजरात ललित कला अकादमी के सहयोग से 11 सितंबर तक एग्जीबिशन में पंचोली ने 20x30 इंच आकार में 30 फोटोग्राफ्स में राजस्थान के शेखावाटी की विभिन्न हवेलियों के आर्किटेक्चर के साथ फ्रेस्को पेंटिंग्स की खूबसूरती को दर्शाया है।

## जनप्रतिनिधियों का किया अभिनंदन



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामसहाय वर्मा और टोंक जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, चिरंजी लाल, शिवराज गुर्जर का अभिनंदन किया गया। मोहित टेलर और जे.एस. नरूका इस मौके पर मौजूद रहे, जिन्होंने सभी मेहमानों के साथ चर्चा की।

## व्यायाम मुद्राओं की दी जानकारी



**बेधड़क. जयपुर।** फिजियोथेरेपी कैंप लगाकर स्वास्थ के प्रति जागरूक किया गया। रिजर्व बैंक ऑफिसर कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में कैंप में लोगों ने विशेषज्ञों से चर्चा की। शुभारंभ विकास अग्रवाल-उपमहाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक ने किया। डॉक्टर राज सी 7 फिजियो क्लिनिक के द्वारा आयोजन में राहुल अग्रवाल-सचिव रिजर्व बैंक अधिकारी कॉलोनी के द्वारा विभिन्न व्यायाम व उनकी सही मुद्राएं, फिजियोथेरेपी का महत्व आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान फिजियोथेरेपिस्ट राज माहेश्वरी ने दर्द से कैसे बचा जाए, दैनिक कार्यों में किन बातों का ध्यान रखें आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक के साथ लगभग 100 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। टांक ने भी सेहत को किस तरह हर दिन व्यायाम करके स्वस्थ रखने के बारे में बताया। साथ ही दौड़ लगाने का महत्व बताया।

### बॉलीमूड: ये गुलिस्तां हमारा में 'डो-रे-मी' की धुन पर सुर साधकों ने साधे सुर

# साकार हुआ बॉलीवुड का गोल्डन ऐरा

**बेधड़क.जयपुर।** अस्सी के दशक में स्थापित दिल्ली के ऑर्केस्ट्रा 'डो-रे-मी' के यंत्रों से जब धुनें निकली तो बॉलीवुड का गोल्डन ऐरा कानों में सुनाई दिया। हर कोई उनमें खोता चला गया और देर तक कला प्रेमियों ने डोरेमी और सिंगर्स की परफॉर्मेंस का एंजॉय किया। ये अनूठा शो गुलाबी नगरी में देखने मिला। मौका था संकल्प कल्चल सोसायटी की ओर से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में 'बॉलीमूड-ये गुलिस्तां हमारा' का। जहां लक्ष्मीकांत प्यार लाल के गीतों का मैडले बजाया तो संपूर्ण परिसर बॉलीवुड संगीत के सुनहरे दौर में चला गया। इस मौके पर डो-रे-मी डायरेक्टर सतीश पोपली के म्यूजिक अरेंजमेंट में 6 प्रोफेशनल और 11 शौकिया सिंगर्स ने बॉलीवुड गोल्डन पीरियड 1953 से 2007 के 23 गीतों को आवाज दी।




### प्यारे लाल के गीतों के मैडले से हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरूआत डो-रे-मी बैंड के कलाकारों ने सतीश पोपली के निर्देशन में लक्ष्मीकांत प्यारे लाल के सुपरहिट गीतों की धुन को मैडले के रूप में पेश कर की। इसके बाद कार्यक्रम संयोजक राजेश शर्मा ने फिल्म अराधना का गीत 'मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू' और जया शर्मा ने 'दिल तो है दिल' गीत पेश कर कार्यक्रम को अनुभूतियों के रंग में रंग लिया। संजय रायजादा ने 'तुम अगर साथ देने का वादा करो', सीमा मिश्रा ने 'सोलह बरस की बाली उमर को सलाम', रोहित कटारिया और आकांक्षा कटारिया ने 'इशारों इशारों में दिल लेने वाले' की असरदार प्रस्तुति से वहां मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। इसके बाद सभी 17 कलाकारों ने एक के बाद एक गीतों की पेशकश से संगीत प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया साथ उन्हें अनुभूतियों के गहरे सागर में जमकर गोते लगवाए।



### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में जयपुर के सीमा मिश्रा, संजय रायजादा, रोहित कटारिया, ममता, डॉ. आकांक्षा दवे कटारिया, कविता आर्य, राजेश शर्मा, जया शर्मा, किशोर सरावगी, जय शर्मा, सतीश जैन, अनिल के. शर्मा, सरिता काला, शीना माथुर, रामदास महेश्वरी, विजय दूधोड़िया और हेमंत सोखिया ने कभी एकल तो कभी युगल रूप से इन गीतों को अपनी आवाज में पिरोया।



### पंडित कुंदनमल शर्मा का सम्मान

संकल्प संस्था 2010 से सुगम संगीत कला के क्षेत्र में कार्यरत है। संगीत क्षेत्र के वरिष्ठ कलाकारों के सम्मान की श्रृंखला में इस वर्ष पंडित कुंदनमल शर्मा को शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं दिल्ली का 'डो-रे-मी' ऑर्केस्ट्रा म्यूजिक अरेंजर सतीश पोपली के निर्देशन में भारत सहित दुनिया के 16 देशों में सोनू निगम, सुनिधि चौहान, श्रेया घोषाल, उदित नारायण, अलका याग्निक, कुमार सानू, कविता कृष्णामूर्ति, विनोद राठौड़, शंकर महादेवन सहित बॉलीवुड के कई नामी कलाकारों के साथ परफार्म कर चुका है।

## City इवेंट्स

### गणेश बाबा की निकाली झांकी यात्रा



**बेधड़क. जयपुर।** मेरी पहल संस्था व श्रीदक्षिणमुखी गणेश धाम की ओर से गणेश चतुर्थी महोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। गणेशजी महाराज का दूध व पंचामृत से अभिषेक किया गया। साथ ही बाबा का श्रृंगार कर पोशाक, साफा व सोने-चाँदी और मोती के आभूषण पहनाकर पुष्पों से पूजा-अर्चना की गई। पूजा अर्चना कर बाबा को सहस्त्र नामवाली मंत्र से सहस्त्र (1000 )लड्डू मोदक, फल, चूरमा, ड्राई फ्रूट्स का भोग लगाया गया। साथ ही हवन कर ब्राम्हण, कन्याओं व लोगों को बांटी गई। एक दिन पूर्व बाबा को मेहंदी लगाकर पूजा की गई। संस्था द्वारा बड़पिपली धाम झोटवाड़ा से श्रीदक्षिणमुखी गणेश मंदिर तक वाहन व पैदल झांकी यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मंदिर प्रधान सेवक व संस्था अध्यक्ष गिर्राज सिंह शेखावत, मनमोहन सिंह शेखावत, चंदा कंवर पंडित मोहित शर्मा, हरिओम सिंह, अर्जुन प्रजापत, ज्योति प्रजापत, हंशिका टांक व अन्य उपस्थित रहे।

### डॉ. भारद्वाज को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुरिया अस्पताल के दंत विभाग के प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. हरीश भारद्वाज को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए रोटरी इंटरनेशनल ने अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार एवेन्यू ऑफ सर्विस अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया है। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (23-24) डॉ. निर्मल कुनावत ने बताया कि डॉ. भारद्वाज को यह सम्मान वर्ष 23-24 में उनके द्वारा किए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया है।

### हेरिटेज किड्स फैशन शो का लुक लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** अनन्य सोच की ओर से हेरिटेज किड्स फैशन शो के दूसरे सीजन के रजिस्ट्रेशन गणेश चतुर्थी पर हुए कार्यक्रम के दौरान शुरु किए गए। आयोजक अर्चना बैराठी और अविनाश पाराशर ने बताया कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 8 अक्टूबर तक चलेगी। इसके बाद बच्चों की ग्रूमिंग क्लास होगी। कार्यक्रम में दूसरा लुक लॉन्च भी किया गया। इस मौके पर चाइल्ड एक्टर अर्विक बैराठी, विपिन, तनुष, मेघा, आशा, प्रियांशी, देशराज, अंशुल सहित अन्य मौजूद रहे।

### 7 दिन में प्रदेश के गांव-ढाणियों में जाएंगे राइडर्स

## 600 किलोमीटर साइकिल चलाकर देंगे नेत्रदान का संदेश



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर से एक अनूठी यात्रा निकली, जिसमें 3 महिलाएं और 12 पुरुष शामिल हैं और ये सभी गुलाबी नगरी से जैसलमेर तक की 600 किमी की साइकिल यात्रा करेंगे। क्योंकि हीरो लेक्ट्रो बाइक्स और राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से एमटीबी जयपुर द्वारा हेरिटेज ऑन टू व्हील्स का आयोजन किया गया है।

शुरुआत पर्यटन भवन से सुबह 6 बजे पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर दलीप सिंह ने फ्लैग ऑफ करके की। ये सभी राइडर्स राजस्थान की कला व संस्कृति के प्रचार-प्रसार और सेहत के लिए साइक्लिंग प्रोत्साहित करने का मैसेज देंगे।

आयोजकों ने बताया, कि इवेंट का मुख्य उदेश्य "नेत्रदान बने जन अभियान" है। एमटीबी जयपुर संस्थापक त्रिलोक कुमार और आयोजन की कमेटी मैंबर इंदू गुर्जर के साथ सतिंदर सिंह ने बताया कि 600 किमी का सफर 7 दिन में तय किया जाएगा। इस दौरान २ दिन रेस्ट के होंगे। राइड राजस्थान के ऐतिहासिक स्थलों से होती हुई जैसलमेर में 14 सितंबर को खत्म होगी।

राइड के पहले दिन 140 किमी का सफर तय कर जयपुर से सांभर झील होते हुए पुष्कर जाएंगे। दूसरे दिन 180 किमी तय कर गांव-ढाणियों में होते हुए जोधपुर जाया जाएगा। अगले दिन जोधपुर में ऐतिहासिक स्थलों का साइकिल से विजिट करने के बाद जोधपुर के बाद रामदेवरा और पोखरण होते हुए ये जैसलमेर की ओर जाया जाएगा।

### चावल से सजाया रंगीन कलात्मक विधान मंडल

## जनकपुरी में स्वस्ति भूषण माताजी रचित दशलक्षण विधान का आयोजन




**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में रविवार से दस लक्षण महापर्व महोत्सव शुरू हुआ। प्रबन्ध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि भगवान आदिनाथ की अष्ट धातु की प्रतिमा को विधान मण्डल पाण्डुशीला पर विराजित कर मंगल भावनाओं के साथ विश्व शान्ति के लिए बीजाक्षर युक्त शान्तिधारा की गई।

विधान पर शान्तिधारा करने का सौभाग्य सुनील अलका साक्ष्य सेठी परिवार को व नितिन पांड्या परिवार को तथा वेदी पर आदिश आदित बिलाला व महावीर कांता पाटनी को मिला। इसके बाद नित्य पूजन कर जहाजपुर प्रणेत्री गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी रचित दशलक्षण विधान पूजन शिखर चन्द किरण जैन द्वारा साज बाज के साथ अर्थ समझाते हुए कराया गया। वहीं दूसरी ओर जनकपुरी में चावल से रंगीन कलात्मक विधान मण्डल तैयार किया गया है। मण्डल पर चतुष्कोणों में मंगल कलश आठ सौभाग्यशाली महिलाओं ने तथा मुख्य कलश प्रमोद स्वेता बड़जात्या ने स्थापित किया।

इसके साथ ही अखंड ज्योति प्रकाश बिना गंगवाल ने प्रज्वलित की। विधान पूजन के बाद क्षमा धर्म के 108 जाप्य स्वाहा स्वाहा बोलते हुए किए। महोत्सव के तहत दिन में तत्वार्थ सूत्र का वाचन हुआ तथा शाम को आरती व रिद्धि मन्त्र युक्त ध्यान का आयोजन किया गया।

**दशलक्षण महापर्व शुरू** | पहले दिन वीतराग धर्म का क्षमा लक्षण मनाया

# उत्तम छिमा गहो रे भाई, इह भव जस पर भव सुखदाई...

**बेधड़क** | जयपुर

दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों का दशलक्षण महापर्व रविवार से शुरू हुआ। पहले दिन वीतराग धर्म का पहला लक्षण उत्तम क्षमा भक्ति भाव से मनाया। वहीं अब सोमवार को वीतराग धर्म का उत्तम मार्दव लक्षण मनाया जाएगा। राजस्थान जैन युवा महासभा प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि दिगम्बर जैन मंदिरों में सुबह श्रीजी के अभिषेक, शांतिधारा के बाद दशलक्षण धर्म की विधान मंडल पर अष्ट द्रव्य से पूजा की गई। चातुर्मास स्थलों पर संतों ने



उत्तम क्षमा पर प्रवचन दिया। इसमें बताया गया कि पीडै दुष्ट अनेक, बांध मार बहुविधि करे। धरिये छिमा विवेक, कोप न कीजै पीतमा।। उत्तम छिमा गहो रे भाई। इह भव जस पर भव सुखदाई।। क्षमा ग्रहण करने से इस भव के साथ अगले जन्म में सुख मिलता है। श्रीपाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी पर भगवान पार्श्वनाथ के अभिषेक, शांतिधारा के बाद सामूहिक पूजा-अर्चना की गई।

### मुनि प्रणम्य सागर के सानिध्य में महापर्व



वहीं मीरामार्ग के सेक्टर 9 स्थित सामुदायिक केन्द्र पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में दशलक्षण महापर्व मनाया गया। इस मौके पर दस दिवसीय स्व धर्म श्रावक संस्कार साधना शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें पूरे देश से श्रद्धालु शामिल हुए। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि शिविर में सुबह 5से रात्रि 8.30 बजे तक आत्म साधना के साथ पूजा भक्ति के विशेष आयोजन किए गए। सुबह 7 बजे अनिल, सुनील, राकेश गंगवाल, शुभम, यश, लक्की गंगवाल ने ध्वजारोहण कर शिविर शुरू किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा के अनुसार इस मौके पर उत्तम क्षमा धर्म पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज के विशेष प्रवचन हुए। शिविर में तत्वार्थ सूत्र का विधान प्रारंभ हुआ जिसमें सौधर्म इन्द्र मनीष, प्रमेय, सोनम, कुबेर इन्द्र प्रेम देवी, पारस, राजीव, संजय कासलीवाल कुम्हेर वाले, चक्रवर्ती छुट्टन देवी सुशील पहाड़िया ने सौभाग्य प्राप्त किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 09 सितंबर, 2024





“धैर्य रखने से हम उन कार्यों में भी सफल हो जाते हैं, जो शुरू में असंभव नजर आते हैं।”
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइली सेना ने हमलावर को किया ढेर

# वेस्ट बैंक-जॉर्डन सीमा पर गोलीबारी, तीन की मौत



**एजेंसी** | यरुशलम

वेस्ट बैंक-जॉर्डन सीमा पर रविवार को तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। इजराइली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना से मिली जानकारी के मुताबिक हमलावर एक ट्रक पर सवार होकर जॉर्डन की ओर से एलेन्बी ब्रिज क्रॉसिंग पर आया और इजराइली सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। आईडीएफ के मुताबिक जवाबी कार्रवाई में हमलावर मारा गया है। सेना ने बताया कि हमलावर के हमले में तीन इजराइली नागरिक मारे गए हैं। इजराइल की इमरजेंसी सर्विस मेगन डेविड एडम ने जानकारी दी कि मारे गए तीनों लोगों की उम्र 50 साल के आसपास थी। अभी जॉर्डन सरकार ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 1994 के समझौते के बाद से जॉर्डन और इजराइल के साथ अच्छे संबंध हैं। लेकिन पिछले साल से चल रहे फिलिस्तीनियों के प्रति इजराइल की कार्रवाई का जॉर्डन विरोध करता आया है। जिस एलेन्बी क्रॉसिंग से हमलावर आया था उसका इस्तेमाल ज्यादातर इजराइली, फिलिस्तीनी और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक करते हैं।

### गाजा में जारी इजराइल के हमले

हमास शासित गाजा सरकार के तहत काम करने वाले सिविल डिफेंस ने कहा कि हमले में उत्तरी गाजा में हमास के डिप्टी डायरेक्टर मोहम्मद मुर्सी के घर को निशाना बनाया गया है। इजराइली सेना ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। पिछले 10 महीनों से जारी गाजा जंग में करीब 40 हजार लोगों की मौत हो गई है। जिसमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। गाजा युद्धविराम की सभी कोशिश अभी तक नाकाम हुई है, फिर भी अमेरिका ने कहा है कि वे सीजफायर और बंधक रिहाई समझौते के लिए दिन रात काम कर रहे हैं।



### वेस्ट बैंक में बढ़ी हिंसा

हमास के सात अक्टूबर के हमले के बाद से ही इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई है। इजराइल घनी फिलिस्तीन आबादी वाले इलाकों में आए दिन सैन्य हमले कर रहा है, जिसका अंतरराष्ट्रीय स्तर विरोध किया जा रहा है। इस बीच गाजा में रविवार तड़के इजराइल के एक हवाई हमले में दो महिलाओं और दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हुई है।

### संयुक्त राष्ट्र निकाय के प्रमुख ने की सराहना


# बहुपक्षवाद का समर्थक है भारत: डेनिस फ्रांसिस

### वैश्विक मामलों में योगदान से बढ़ रहा वर्चस्व

**एजेंसी** | संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस का कहना है कि भारत बहुपक्षवाद का समर्थक है। लगातार वैश्विक मामलों में मजबूत योगदान देने से इसका वर्चस्व लगातार बढ़ रहा है। अपने कार्यकाल के अंत से पहले 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र निकाय के प्रमुख के तौर पर डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र में मजूबत नेता है। इसमें कोई संदेह नहीं है।

फ्रांसिस ने कहा कि उम्मीद है वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका जारी रहेगी और मजबूत होगी। हम जानते हैं कि भारत सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनना चाहता है। इसके सदस्य निर्णय लेंगे कि कैसे परिषद में बदलाव किया जाए, साथ ही मौजूदा सदस्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए कौन से देश उपयुक्त होंगे। मुझे यकीन है कि कोई भी इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं करेगा कि वैश्विक मामलों में भारत लगातार मजबूत योगदान दे रहा है। उसका यह प्रदर्शन जारी रहेगा। फ्रांसिस ने कहा कि भारत ने वैश्विक दक्षिण में विकासशील देशों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने में एक उन्नत विकासशील देश के रूप में प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।



### डिजिटलीकरण में भारत की गहरी रुचि

डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की बहुत गहरी रुचि है। क्योंकि डिजिटलीकरण देशों में मौजूद क्षमता को अनलॉक करने की कुंजी है। डिजिटलीकरण आर्थिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। फ्रांसिंस ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश से मुलाकात को लेकर कहा कि स्पष्ट है कि हरीश बहुत अधिक ऊर्जा और परिप्रेक्ष्य के साथ आए हैं। उन्होंने दुनिया में शांति और सुरक्षा की वर्तमान स्थिति, भविष्य के शिखर सम्मेलन, एसडीजी को टर्बोचार्ज करने में डिजिटलीकरण की भूमिका पर चर्चा की।

### गाजा की स्थिति पर चर्चा


गाजा की स्थिति को लेकर हुई बातचीत पर फ्रांसिस ने कहा हम उम्मीद करते हैं कि इस कठिन स्थिति को समाप्त करने के लिए प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक भागीदारों को समर्थन जरूरी है। इससे ही युद्ध विराम का समाधान निकाला जा सकता है। फ्रांसिस ने कहा कि वह हरीश और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि मैं इसका उतना ही आनंद लूंगा जितना मैंने पूर्व राजदूत रुचिरा कंबोज के साथ काम करके लिया था। उन्होंने कंबोज को महान सहयोगी और मित्र बताया।

### शाही परिवार में 39 साल बाद बालिग हुआ कोई पुरुष

# 18 साल के हुए जापान के प्रिंस हिसाहितो

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान के शाही परिवार में 40 साल बाद कोई सदस्य वयस्क हुआ है। 58 वर्षीय क्राउन प्रिंस फुमिहितो और 57 वर्षीय क्राउन प्रिंसेस किको के इकलौते बेटे प्रिंस हिसाहितो ने शुक्रवार को अपना 18वां जन्मदिन बनाया।



इस तरह चार दशक बाद इस परिवार में किसी लड़के ने 18 साल की उम्र को छुआ है। प्रिंस हिसाहितो जापानी सम्राट नारुहितो के भतीजे हैं और जापान के क्रिसेंथेमम सिंहासन के दूसरी पंक्ति के उत्तराधिकारी हैं। प्रिंस हिसाहितो 58 वर्षीय क्राउन प्रिंस फूमिहितो और 57 वर्षीय क्राउन प्रिंसेस किको के इकलौते बेटे हैं। दरअसल जापान में बढ़ती उम्र और घटती आबादी एक प्रमुख समस्या रही है और शाही परिवार भी इस परेशानी से अछूता नहीं है। यह परिवार सैकड़ों साल से जापान पर शासन करता आया है लेकिन बीते चार दशक से परिवार में कोई सदस्य वयस्क नहीं हुआ था। ऐसे में प्रिंस हिसाहितो का 18 साल होना परिवार के लिए एक राहत की खबर है। जापान के शाही परिवार से संबंधित मामलों की प्रशासनिक निकाय इंपीरियल हाउसहोल्ड एजेंसी के माध्यम से प्रिंस ने कहा, “मैं प्रत्येक अनुभव के माध्यम से और अधिक सीखने, विभिन्न पहलुओं को आत्मसात करने और उनके माध्यम से आगे बढ़ने की उम्मीद करता हूं।”




### मंगल पर शहर बसाना चाहते हैं एलन मस्क

# 2026 में मार्स पर स्टारशिप भेजेगा स्पेसएक्स

■ मानव रहित विमान भेजकर तलाशेंगे संभावना

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने चंद्रमा के बाद अब मंगल मिशन पर काम करना शुरू कर दिया है।

शनिवार को कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क ने मंगल मिशन की घोषणा करते हुए बताया कि अगले दो सालों के भीतर स्पेसएक्स मंगल पर पहला मानव रहित स्टारशिप भेजेगा। यह प्रक्रिया तब होगी, जब पृथ्वी-मंगल ट्रांसफर की विंडो खुलेगी।

एलन मस्क ने बताया कि पहले मानव रहित स्टारशिप भेजकर उसकी विश्वसनीयता को परखा जाएगा, इसमें देखना है कि स्टारशिप मंगल पर कितनी सुरक्षित लैंडिंग करता है। यदि यह अभियान सफल रहा तो अगले चार सालों में स्पेसएक्स मंगल पर मानवयुक्त अभियान की शुरुआत करेगा। एलन मस्क ने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा कि यदि ये दोनों अभियान सफल हुए तो मंगल मिशन में तेजी लाई जाएगी।



### 20 साल में शहर बसाने की योजना

एक रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क ने बताया कि सभी अभियान सफल होते गए तो अगले 20 सालों में मंगल पर शहर बसाने की योजना है। इस दौरान एलन मस्क ने कई ग्रहों पर जीवन तलाशने की बात कही, उन्होंने कहा कि हमें एक ही ग्रह पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। मस्क ने स्पेसएक्स के कर्माचारियों को मंगल पर शहर बसाने की योजना पर काम करने का निर्देश भी दिया है।

### मंगल ग्रह पर 10 लाख लोगों का आशियाना

स्पेसएक्स की एक अन्य टीम मंगल के प्रतिकूल वातावरण से निपटने के लिए स्पेससूट बनाने पर काम कर रही है। वहीं मेडिकल टीम इस बात पर रिसर्च कर रही है कि मंगल पर क्या मनुष्य बच्चे पैदा कर सकते हैं। मस्क ने साल 2016 में कहा था कि मंगल पर मानव बस्ती बसाने में 40 से 100 साल लग सकते हैं। वहीं अब उन्होंने अगले 20 सालों में ही मंगल पर शहर बसाने का एलान कर दिया है। मस्क का लक्ष्य है कि करीब 10 लाख लोगों को मंगल पर बसाया जाए।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl